तापमान

अधिकतम 31.8 डिग्री

न्यूनतम 25.6 डिग्री

हरिभूमि
बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, बुधवार 27 अगस्त 2025



सिम्स गेट के सामने एम्बुलेंस वालों ने फिर से किया कब्जा।

बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया

## खबर संक्षेप

### काम में लापरवाही संकुल समन्वयक सस्पेंड

**बिलासपुर।** जिला शिक्षा अधिकारी विजय तांडे ने शास. पूर्व माध्यमिक शाला लोफंदी एवं शास. प्राथ. शाला रामनगर कछार संकुल लोफंदी के संकुल समन्वयक डीलेश्वर प्रसाद कंगण संकुल को सस्पेंड कर दिया है। शिक्षा विभाग के मुताबिक डीलेश्वर प्रसाद कंगण शिक्षक एल.बी. की पदस्थापना शास.पू.मा.शाला लोफंदी में है। शाला के समय सारणी सत्र 2025-26 के अवलोकन से यह स्पष्ट होता कि श्री कंगण के द्वारा किसी भी कक्षा का अध्यापन कार्य नहीं किया जाता है। संबंधित के द्वारा डेलीडायरी का नियमित रूप से संधारण भी नहीं किया जाता है। स्कूल की जांच में उपस्थित विद्यार्थियों से प्राप्त जानकारी अनुसार श्री कंगण के द्वारा किसी भी कक्षा में अध्यापन कार्य कराए जाने की पुष्टि भी नहीं होती है।

### मुद्रण-लेखन सामग्री विभाग की परीक्षा 31 को

**बिलासपुर।** व्यापम समूह-6 के अंतर्गत विभिन्न पदों पर भर्ती के लिए लिखित परीक्षा 31 अगस्त, रविवार को आयोजित करने जा रहा। परीक्षा सुबह 11 बजे से दोपहर 1:15 बजे तक होगी। प्रवेश पत्रमंडल की वेबसाइट पर डाउनलोड किया जा सकता है। इसके लिए निर्देश भी जारी किया गया है जिसमें अभ्यर्थी अपनी मूल पहचान-पत्र के साथ प्रवेश पत्र लाना अनिवार्य है, बिना पहचान के परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं मिलेगा। परीक्षा केंद्र में 10:30 बजे के बाद प्रवेश बंद कर दिया जाएगा। अभ्यर्थियों को दो घंटे पहले परीक्षा केंद्र पहुंचना होगा, प्रवेश प्रक्रिया और सुरक्षा जांच की जाएगी। किसी भी इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस, मोबाइल, पेजर, स्मार्ट घड़ी, बैग, किताब, टोपी आदि परीक्षा केंद्र में ले जाना प्रतिबंधित है।

### सहायक सांख्यिकी अधिकारी के लिए 44 कैंडिडेट अपात्र

**बिलासपुर।** संचालनालय कृषि, छत्तीसगढ़ रायपुर ने सहायक सांख्यिकी अधिकारी के 17 पदों की भर्ती प्रक्रिया में पात्र-अपात्र उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी है। विभाग ने व्यापमं द्वारा प्राप्त परीक्षा परिणाम के बाद 31 जुलाई और 1 अगस्त 2025 को अभ्यर्थियों को दस्तावेज सत्यापन के लिए बुलाया था। विभागीय चयन समिति की बैठक के बाद गैरमौजूद और दस्तावेजों में कमी के आधार पर अभ्यर्थियों को अपात्र घोषित किया गया। दस्तावेज सत्यापन में गैरमौजूद रहे कुल 24 अभ्यर्थियों को अपात्र कर दिया गया है। इनमें अलग-अलग वर्गों के उम्मीदवार शामिल हैं, जिनका नाम, रोल नंबर और गैरमौजूद होने का कारण सूचीबद्ध है। इन अभ्यर्थियों को 1 सितंबर तक दावा आपत्ति प्रस्तुत करने का एक और मौका मिला है।

### 80 से अधिक उम्र के लोगों को मिलेगी अतिरिक्त पेंशन

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ के पेंशनरों के लिए राहत भरी खबर है। राज्य सरकार ने 80 वर्ष या उससे अधिक आयु के पेंशनरों और परिवार पेंशनरों को अतिरिक्त पेंशन देने का निर्णय लिया है। इसके तहत पेंशनर की उम्र के अनुसार मूल पेंशन पर अतिरिक्त राशि निर्धारित की गई है। वित्त विभाग द्वारा जारी निर्देश के मुताबिक 80 से 85 वर्ष तक की आयु वालों को मूल पेंशन का 20 प्रतिशत 85 से 90 वर्ष तक की आयु वालों को मूल पेंशन का 30 प्रतिशत, 90 से 95 वर्ष तक की आयु वालों को मूल पेंशन का 40 प्रतिशत, 95 से 100 वर्ष तक की आयु वालों को मूल पेंशन का 50 प्रतिशत, 100 वर्ष या उससे अधिक आयु पर 100 प्रतिशत अतिरिक्त पेंशन दिया जाएगा। यह अतिरिक्त पेंशन उस कैलेंडर माह के पहले दिन से देय होगी, जिसमें पात्रता पूरी होती है। उदाहरण स्वरूप, 15 जनवरी 1943 को जन्मे व्यक्ति को एक जनवरी 2023 से 20 प्रतिशत अतिरिक्त पेंशन मिलेगी।

# अपने इनोवेशन के लिए देशभर में पहचान बनाने वाला अटल टिंकरिंग लैब 6 महीने से बंद, मॉडल व प्रोजेक्ट पर लगा ताला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अलग खबर

देश भर में अपने इनोवेशन और प्रोजेक्ट के लिए नाम कमाने वाला शासकीय मल्टीपरपस स्कूल का अटल टिंकरिंग लैब (एटीएल) पिछले 6 महीने से बंद है। यहां के उपकरण और दूसरे सामानों में ताला लगा है तो बच्चे माडल और प्रेजेंटेशन के लिए भटक रहे हैं। पिछले 6 महीने में किसी भी नए प्रोजेक्ट पर काम नहीं हो सका है। दरअसल पिछले 7 सालों से अटल टिंकरिंग लैब का प्रभार संभाल रहे डॉ. धनंजय पांडे का ट्रांसभर फरवरी 2025 में जिला प्रशासन ने नूतन चौक स्थित सेंट्रल लाइब्रेरी के इंक्यूबेशन सेंटर में कर दिया है। इसके बाद से किसी दूसरे प्रोफेसर या मेंटर की नियुक्ति यहां नहीं की गई है। छात्रों की मांग और शिकायत के बाद भौतिकि के एक प्रोफेसर ने यहां कुछ दिन के लिए प्रभार संभाला था लेकिन बाद में वह भी चले गए। इसके बाद से एटीएल में ताला लगा हुआ है।

गौरतलब है कि शासकीय मल्टीपरपज स्कूल की अटल टिंकरिंग लैब (एटीएल) को इनोवेशन के लिए नीति आयोग ने 2018 में ट्रेनिंग सेंटर बनाया था। इसके बाद से स्कूल में यहां के छात्र स्थानीय और अन्य समस्याओं को लेकर इनोवेशन तैयार कर रहे हैं। देशभर में यहां के एटीएल के छात्र ऐसे हैं, जिनके नाम से कृषि मित्र नाम के उपकरण का पेटेंट मिला हुआ है। हाल ही में यहां के तीन छात्रों को नीति आयोग की ओर से स्वतंत्रता दिवस परेड में मुख्य अतिथि के रूप में बुलाया गया था। वहीं यहां के छात्र शिखर सम्मेलन में करीब 85 देशों के प्रतिनिधियों के सामने 3 डी प्रिंटर को लेकर अपनी अपनी प्रस्तुति दी थी।

- प्रभारी का 6 महीने पहले ट्रांसफर, इसके बाद से किसी दूसरे प्रोफेसर या मेंटर की नियुक्ति नहीं की गई
- शासकीय मल्टीपरपज स्कूल की अटल टिंकरिंग को लैब इनोवेशन के लिए नीति आयोग ने 2018 में सेंटर बनाया था




### लगातार 6 सालों तक टाप 20 में जगह

एटीएल मैराथन नीति आयोग की ओर से आयोजित भारतभर के युवाओं के लिए प्रतियोगिता है। इसमें इन युवाओं को अपनी पसंद की सामुदायिक समस्याओं को हल करने के लिए कार्यशील प्रोटोटाइप बनाना होता है। इस प्रतियोगिता में बिलासपुर मल्टीपरपज के छात्रों ने 2017 से 2023 तक लगातार टाप 20 में अपनी जगह बनाई है। वहीं 2018 और 2022 के विजेता भी रह चुके हैं। यही नहीं राफेल विमान बनाने वाली कंपनी डसाल्ट एविएशन हर साल सीड द फ्यूचर आंत्रप्रेन्योरशिप प्रतियोगिता का आयोजन करती है। इसमें देशभर के हर कोने से युवा भाग लेते हैं। बिलासपुर मल्टीपरपज के छात्रों ने इस प्रतियोगिता में अब तक दो बार भाग लिया है। इसमें 2021 में उप-विजेता तो 2022 में वह विजेता का खिताब जीता।

### पुतिन और मोदी के सामने दी प्रस्तुति

यही नहीं अटल इनोवेशन सीरियस मीट में बिलासपुर मल्टीपरपज के एटीएल के छात्रों ने टाप 10 में अपनी जगह बनाई थी। यहां उन्हें रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के सामने अपने माडल का प्रेजेंटेशन दिया था। इसी तरह प्रगति मैदान में आयोजित नेशनल टेक्नोलाजी मीट में यहां के छात्रों ने अपनी जगह बनाई और इन्होंने लोकल समस्या के समाधान के तरीकों को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सामने प्रस्तुति दी थी। अब लेकिन छात्रों को सही मार्गदर्शन देने वाला कोई नहीं है। लाखों के उपकरण एटीएल में रखे तो हैं लेकिन उनका उपयोग नहीं हो पा रहा है।

### ईको जिम टॉप-5 में चयनित हुए छात्र

इसी इनोवेशन ने स्कूल को देश ही नहीं विदेशों में भी पहचान दिलाई। स्कूल के छात्र योगेश दास मानिकपुरी, अतुल अग्रवाल, भुनेश्वर साहू ने क्लीन एनर्जी के तहत ईको जिम बनाया था। इसके साथ ही स्कूल के छात्रों का मॉडल मोक्षा अंतरराष्ट्रीय रोबोटिक प्रतियोगिता के लिए चयनित किया गया। इसमें देशभर के 30 हजार मॉडल आए थे। इसमें से 650 मॉडल का चयन किया गया। इसमें से मल्टीपरपस स्कूल छात्रों का मॉडल ईको जिम टॉप-5 में चयनित हुआ। इन छात्रों को दिल्ली में इंटर्नशिप के लिए भी बुलाया गया। इसके अलावा दुबई की प्रमुख यूनिवर्सिटी में भी इस स्कूल के छात्रों ने अपना प्रेजेंटेशन दिया।

### नियमित प्रभारी की होगी नियुक्ति

एटीएल प्रभारी डॉ. धनंजय पांडे का ट्रांसभर इंक्यूबेशन सेंटर में कर दिया गया है। इसके बाद से वे दोनों जगह का काम संभाल रहे हैं। सेंटर बंद नहीं है। बच्चे इंक्यूबेशन सेंटर में भी पहुंचकर वहां प्रोजेक्ट पर काम कर रहे हैं। एटीएल में नियमित प्रभारी नियुक्त करने के लिए कलेक्टर से चर्चा की जाएगी।

**- विजय तांडे,** जिला शिक्षा अधिकारी



कोनी परिसर में पिछले कई सालों से कैंसर अस्पताल का काम पूरा ही नहीं हो पा रहा।

## चिकित्सा शिक्षा और वित्त विभाग के बीच फंसा मामला

# 8 करोड़ का प्रस्ताव फाइलों में बंद, दिसंबर तक कैंसर अस्पताल का निर्माण संभव नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

निर्माणधीन कैंसर अस्पताल का स्टीमेट रिवाइज अबतक कागजों से बाहर नहीं आ सका है। चिंलर, बायोमेडिकल वेस्ट, लिफ्ट, ईटीपी और एसटीपी प्लांट केनिर्माण के 8 करोड़ रूपए का प्रस्ताव को स्वीकृति नहीं मिल सकी है। ऐसे में दिसंबर से पहले निर्माण कार्य पूरा होना संभव नहीं है।

115 करोड़ रूपए के कैंसर अस्पताल में 80 फीसदी निर्माण पूर्ण हो चुका है। फिनिसिंग कार्य जारी है लेकिन अस्पताल को रनिंग कंडिशन में लाने के लिए चिंलर, ट्रांसफार्मर, बायोमेडिकल वेस्ट, लिफ्ट जैसे जरूरी काम पूरे कराने है। इसका प्रस्ताव अप्रैल में माह में शासन को भेजा गया है। सीएजीएसएससी ने कार्य को पूर्ण कराने के लिए 8 करोड़ का स्टीमेट तैयार कराया है लेकिन फाइल रायपुर कार्यालय में धूल खा रही है। ईटीपी और एसटीपी प्लांट निर्माण किया जाना है लेकिन राज्य सरकार से स्वीकृति नहीं मिलने से काम की पेंडेंसी बढ़ती जा रही है। शासन की ओर से सीजीएमएससी को दिसंबर तक काम पूरा करने के लिए कहा गया है, लेकिन लागत बढ़ने के कारण अब निर्माण कार्य पूरा करना संभव नहीं है।

### देरी से बजट बिगड़ा

कैंसर अस्पताल का बजट साल 2018-19 में स्वीकृत किया गया था, वहीं 2023 में निर्माण शुरू कराया गया है, दो साल बाद भी अस्पताल का निर्माण पूरा नहीं कराया जा सका है। केन्द्र द्वारा राज्य का पहला कैंसर अस्पताल बिलासपुर में बनाया जा रहा है। 4 मंजिल के अस्पताल के लिए 345 करोड़ रूपए का बजट बनाया गया था, प्रथम चरण में 115 करोड़ की लागत से ग्राउंट फ्लोर और फर्स्ट फ्लोर ही निर्माण किया जाना है। दो बार ठेकेदार को एक्सटेंशन मिल चुका है, दिसंबर तक निर्माण कार्य पूरा कराया जाना है।

### 4 करोड़ की लागत से बन रही है सड़क

खास बात यह है कि इसके निर्माण के साथ ही सुपर स्पेशलिटी अस्पताल बनकर तैयार हो चुका है लेकिन कैंसर अस्पताल का काम काफी धीमा है। दोनों अस्पतालों को आपस में जोड़ने के लिए सीजीएमएससी ने 4 करोड़ की लागत से सड़क बनाई है। जिसका निर्माण कार्य जारी है, कुछ ही महीनों में सड़क बनकर तैयार हो जाएगी।

### फाइल अन्य विभागों में जाएगी

फाइल वित्त और चिकित्सा शिक्षा विभाग के साथ अन्य विभागों में जाएगी। वर्तमान में फाइल कहां पेंडिंग है, इसकी जानकारी लेनी होगी। मेरी जानकारी में स्वीकृति नहीं मिली है।

**- चंद्रहास ध्रुव**
नोडल अधिकारी, कैंसर अस्पताल

### फायर फाइटर का काम जारी

टेंडर के अनुसार सिविल के काम पूरे हो रहे है, लेकिन अधिकारियों ने निरीक्षण में कई अन्य काम भी शामिल किए गए है। इसका प्रस्ताव व स्टीमेट बनाया गया था। जिसकी स्वीकृति नहीं हो सकी है। लिफ्ट और फायर फाइटर अस्पताल के लिए जरूरी है। फायर फाइटर का काम जारी है।

**- राजेन्द्र प्रसाद,** ईई, सीजीएमएससी

## आधार कार्ड बनाने में नियमों का उल्लंघन

# यूआईडीएआई ने लगाई 1346 से ज्यादा आपरेटरों पर ढाई करोड़ की पेनाल्टी

**बिलासपुर।** भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण ने आधार कार्ड बनाने के नियमों का उल्लंघन करने पर जिले सहित प्रदेशभर के 1346 से ज्यादा आधार ऑपरेटरों पर लगभग ढाई करोड़ रुपए की पेनाल्टी लगाई है। दूसरी ओर आधार ऑपरेटर्स इस पेनाल्टी को जबरिया वसूली व मानसिक प्रताडना देना बता रहे हैं। आधार सेंटर संचालकों का कहना है कि केवल पेनाल्टी की राशि और संचालक का नाम भेजकर जुर्माना भरने के लिए दवाब बनाना गलत है। किस कारण से और कितने बार उल्लंघन किया गया है, यह नहीं बताया जा रहा है। इसके साथ ही आधार सेंटर को शासकीय परिसर में ही संचालन करने का सरकार ने फैसला लिया है। यह भी गलत है। इस संबंध में हाईकोर्ट में याचिका भी दायर की गई है जिस पर शासन और चिप्स से जवाब मांगा गया है।

दरअसल यूआईडीएआई आधार ऑपरेटरों पर गाइडलाइन का उल्लंघन कर आधार कार्ड बनाना बता रहा है। नियम विरुद्ध और गलत तरीके से किए आवेदनों को यूआईडीएआई निरस्त कर देता है। इसकी वजह से बिलासपुर जिले सहित पूरे प्रदेश में बीते एक साल आधार कार्ड बनाने के मामले में चिप्स ने 1346 ऑपरेटरों पर करीब ढ़ाई करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया है। बताया जा रहा है कि यह पेनाल्टी यूआईडीएआई की ओर से लगाई गई है लेकिन इसकी वसूली चिप्स को करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।



- आपरेटरों ने मनमानी का लगाया आरोप, याचिका दायर कर जुर्माना निरस्त की मांग

### इन कारणों से लगाई पेनाल्टी

यूआईडीएआई का कहना है कि आधार ऑपरेटर्स से गलती हुई और इसके साथ दूसरे कारणों के कारण 24 हजार से ज्यादा आधार आवेदन रिजेक्ट हुए हैं। इससे आधार कार्ड बनाने वालों को भी काफी परेशानी हुई। यूआईडीएआई के कदम के बाद चिप्स ने 1346 आधार सेंटरों को पेनाल्टी जमा करने नोटिस भेजा है। इन संचालकों की लापरवाही से आधार कार्ड बनाने की वजह से 24 हजार 707 आवेदन रिजेक्ट हुए हैं। इस वजह से इन पर 2 करोड़ 47 लाख 59 हजार 260 रुपए का जुर्माना लगाया गया है। पहले आवेदन निरस्त होने पर 50 रूपए पेनाल्टी लगाया जाता था जिसे बढ़ाकर अब एक हजार कर दिया गया है। आधार ऑपरेटरों का कहना है कि एक हजार से एक लाख तक पेनाल्टी लगाना समझ से परे है।

### जबरिया वसूली का आरोप

इधर आधार सेंटर संचालकों का कहना है कि आधार कार्ड बनवाने और आवेदन भरते समय जानकारी के अभाव में या गलत जानकारी भरने से आवेदन रिजेक्ट हो जाते हैं। ऐसे में हितग्राही अनावश्यक रूप से परेशान होते हैं। अब यूआईडीएआई की ओर से ऐसे आधार सेंटरों पर जुर्माना लगाया गया है। वहीं इसके उलट अब आधार ऑपरेटर्स इस पेनाल्टी को जबरिया वसूली बता रहे हैं। इसे लेकर ऑपरेटरों का कहना है कि बिना कारण और संख्या के उल्लेख किए 1 हजार से 1 लाख रुपए तक जुर्माना लगाना गलत है। इससे आधार ऑपरेटरों का आर्थिक नुकसान होगा।

### 4 साल से न पेमेंट मिला है और ना ही जानकारी

छत्तीसगढ़ आधार सेवा समिति की ओर से यह भी कहा गया है कि पिछले 4 साल से न पेमेंट मिला है और न ही पेमेंट का डिटेल दिया गया है। नया और मैंडेटरी आधार कार्ड बनाने वर्षों से भुगतान नहीं किया जा रहा है, जबकि इसका पैसा शासन यूआईडीएआई को भेजती है। यूआईडीएआई से चिप्स के पास आता है लेकिन आधार सेंटर संचालकों को इसका भुगतान नहीं मिला है। इस मामले में लगातार चिप्स द्वारा ऑपरेटर्स को गुमराह किया जा रहा है। उधर ईडीएम आफताब अहमद का कहना है कि यह पूरी कार्रवाई भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण के मुख्यालय हैदराबाद से हुई है। उसी आधार पर आधार सेंटल संचालको को पेनाल्टी जमा करने कहा गया है।

## छात्रसंघ गठन की प्रक्रिया बंद | सत्र की शुरुआत में सुगबुगाहट के बाद ठंडा पड़ जाता है मुद्दा

# 7 सालों से कालेजों में छात्रसंघ चुनाव हुआ न मनोनयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पिछले सात सालों से कालेजों में छात्रसंघ हुआ है और न ही छात्र प्रतिनिधियों का मनोनयन हो रहा है। छात्रसंघ गठन की पूरी प्रक्रिया बंद हो गई। इधर एकेडमिक कैलेंडर में हर साल छात्रसंघ गठन का जिक्र रहता है जिससे एक तरह से भ्रम की स्थिति पैदा होती है।शिक्षा सत्र के शुरुआत में जरूर नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं के बीच अपना प्रभाव जमाने के लिए कुछ छात्र संगठनों व छात्र नेताओं द्वारा माहौल बनाने की कोशिश की जाती है। लेकिन कुछ दिनों बाद वह भी ठंडा पड़ जाता है।

कालेजों में छात्रसंघ चुनाव व छात्र प्रतिनिधियों के मनोनयन को लेकर जो माहौल रहता था वह पिछले कुछ सालों से कालेजों में गायब हो गया है। पिछले सात सालों से छात्रसंघ चुनाव तो दूर छात्र प्रतिनिधियों को मनोनयन आधार पर गठन भी नहीं हुआ है। छात्रसंघ गठन की पूरी प्रक्रिया बंद हो चुकी है। प्रदेश के यूनिवर्सिटी एवं कालेजों में इस साल भी छात्रसंघ का गठन नहीं होगा। पिछले कुछ वर्षों से प्रत्यक्ष प्रणाली से छात्रसंघ चुनाव बंद हो चुके हैं और मनोनयन आधार पर छात्र प्रतिनिधियों का जो मनोनयन होता था, उसे भी हुए सात वर्ष हो गए हैं। यूनिवर्सिटी, कालेजों में नए सत्र के लिए प्रवेश प्रक्रिया हो चुकी है और अब क्लासेस नियमित रूप से लगने जा रहा है। लेकिन हर साल की तरह इस बार भी छात्रसंघ गठन को लेकर कोई आदेश शासन से नहीं आया है और न कोई सुगबुगाहट है। सत्र के शुरुआत में छात्र संगठनों और छात्र नेताओं द्वारा माहौल बनाने की कोशिश की जाती है ताकि नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं के बीच उनका प्रभाव पड़े, किन्तु कुछ दिनों बाद वे छात्र नेता भी ठंडा पड़ जाते हैं। यह सिलसिला पिछले कुछ सालों से चलते आ रहा है ।




### गठन की प्रक्रिया बंद

कालेजों में छात्रसंघ चुनाव पर काफी पहले ही रोक लग चुकी है। मनोनयन आधार पर छात्रसंघ गठन की प्रक्रिया पहले होती थी वह भी पिछले कुछ सालों से बंद हो गई है। एकेडमिक कैलेंडर में छात्रसंघ के संबंध में उल्लेख रहता है, किन्तु शासन से कोई आदेश नहीं आता है छात्रसंघ गठन की प्रक्रिया बंद हो चुकी है।

**- प्रवीण पांडेय,** प्राचार्य, गवर्नमेंट आटोनामस साइंस कालेज

### छात्रसंघ चुनाव पर लगी है रोक

सरकार ने लिंगदोह कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर छात्रसंघ गठन पर रोक लगा दी गई थी। सरकार ने उस रिपोर्ट का हवाला दिया था, जिसमें कुलपतियों ने कहा था कि चुनावों से शिक्षण संस्थानों का माहौल बिगड़ता है और पढ़ाई में बाधा आती है। इसी कारण से यूनिवर्सिटी और कालेजों में प्रत्यक्ष प्रणाली से छात्रसंघ चुनाव बंद कर दिए गए थे।

### नहीं उभर पा रहा नया नेतृत्व

छात्रसंघ के गठन और मनोनयन प्रक्रिया के अभाव में नए छात्रनेताओं का उभरना भी मुश्किल हो रहा है। कालेजों में आमतौर पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद और एनएसयूआई जैसे छात्र संगठनों के बीच मुख्य मुकाबला होता है। ये संगठन अपने उम्मीदवारों के माध्यम से संस्थानों में अपना दबदबा बनाए रखते हैं, लेकिन छात्रसंघ के बिना नए नेतृत्व की संभावना कम होती जा रही है।

## डीजे के लोहे के पाइप गिरने से हुई थी दुर्घटना

# बच्ची की मौत, हाईकोर्ट ने शासन को ढाई लाख मुआवजा देने कहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने बिलासपुर के स्कूल परिसर में डीजे के लोहे के पाइप गिरने से 3 साल की मासूम बच्ची की मौत पर कड़ी नाराजगी जताई है। चीफ जस्टिस रमेश कुमार सिन्हा और जस्टिस बीडी गुरु की डिवीजन बेंच ने कहा कि स्कूल। परिसर में डीजे का सामान क्यों रखा गया, क्या वहां नाच-गाना होता है। यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण घटना है। हाईकोर्ट ने कलेक्टर बिलासपुर से व्यक्तिगत शपथपत्र के साथ घटना की विस्तृत रिपोर्ट मांगी थी। साथ ही यह भी पूछा है कि पीड़ित परिवार को अब तक क्या मुआवजा और आर्थिक सहायता राशि दी गई। शासन की ओर से मामले में जवाब देते हुए कहा गया कि 50 हजार रुपए की राशि रेड क्रास सोसायटी द्वारा दी गई है। हाईकोर्ट ने 2 लाख रुपए की राशि और देने के निर्देश दिए हैं। मामले की अगली सुनवाई 9 अक्टूबर को होगी।

दरअसल, घटना सिविल लाइन थाना क्षेत्र की है। बीते 14 अगस्त को परिसर। में खेल रही तीन साल की मासूम मुस्कान महिलांग पर डीजे का लोहे का पाइप गिर गया, जिससे गंभीर रूप से घायल 3 साल के मासूम बच्ची की मौत हो गई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत की वजह सिर में लगी चोट सामने आई, तब जाकर डीजे संचालक पर एफआईआर दर्ज की गई। इस मामले को स्वतः संज्ञान लेते हुए हाईकोर्ट ने जनहित याचिका माना है।

- रेडक्रास सोसायटी द्वारा 50 हजार रुपए की राशि दिए जाने की जानकारी शासन ने दी



### डीजे संचालक व सहयोगियों पर केस दर्ज

इस दौरान शासन की तरफ से बताया गया कि इस लापरवाही के लिए डीजे संचालक रोहित देवांगन और उसके सहयोगियों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। हाईकोर्ट ने इस घटना को बेहद गंभीर मानते हुए बिलासपुर के कलेक्टर को शपथ पत्र पेश करने का आदेश दिया था। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट रूप से कहा कि इस मामले में किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा। साथ ही शासन से पूछा गया है कि जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही कैसे तय की जा रही है और भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों, इसके लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं।

26- AUG--REGNOL-pg-2-COMMAN_Layout 1 8/26/2025 11:40 PM Page 1



## मटियारी में नवधा रामायण कल से

सेलगरा। मटियारी के शिकारी मोहल्ले में 28 अगस्त से अखंड नवधा रामायण का आयोजन किया जा रहा है। नौ दिन तक चलने वाले नवधा रामायण का समापन 5 सितम्बर को यज्ञ व चढ़ोत्री का साथ होगा।

## निधन

### सुभाष छाबड़ा



बिलासपुर। मंगला, अभिषेक विहार फेस-2, गार्डन के पास रहने वाले सुभाष छाबड़ा का निधन 26 अगस्त मंगलवार को हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 27 अगस्त को सुबह 10 बजे उनके निवास से सरकंडा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे रवि छाबड़ा के पिता एवं रमेश कुमार छाबड़ा के भाई थे।

### कुंजा तिवारी



बिलासपुर। ग्राम रानीगांव (लोरमी) निवासी कुंजा तिवारी का सोमवार को रायपुर में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मंगलवार 26 अगस्त को उनके गृहग्राम में किया गया। वे विकास तिवारी की माता थीं।

### सुभाष मिश्रा



बिलासपुर। सागर होम्स फेस 1 बी 30 नेचर सिटी निवासी सुभाष मिश्रा का 77 की आयु में 25 अगस्त को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार सरकंडा मुक्तिधाम में किया गया। वे धर्मप्रकाश, पवन एवं सूरज मिश्रा के पिता थे।

### राजकुमार शास्त्री



बिलासपुर। बैमा नगोई निवासी राजकुमार शास्त्री का 26 अगस्त की रात निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार बुधवार सुबह 10 बजे सरकंडा मुक्तिधाम में होगा। वे रामसनेही के पुत्र एवं अनुराग शास्त्री और अंजली शर्मा के पिता थे।

### सुशील देवांगन



तखतपुर। वार्ड 10 निवासी सुशील देवांगन का 65 वर्ष की आयु में मंगलवार 26 अगस्त को निधन हो गया। वे दिनेश देवांगन, छोटू देवांगन के पिता थे। इनका अंतिम संस्कार 27 अगस्त को सुबह 10 बजे देवांगन समाज मुक्तिधाम में किया जाएगा।

### सुहागिनों ने निर्जला व्रत रखकर की अखंड सौभाग्य की कामना

# परंपरागत तरीके से मनी हरतालिका तीज

हरिभूमि न्यूज ⏭ मल्हार



महिलाओं ने मंगलवार को हरितालिका तीज का पर्व हर्षोल्लास के साथ परंपरागत ढंग से मनाया। इससे पहले सोमवार को महिलाओं ने देर रात तक अपने परिवार के साथ ही इष्ट मित्रों के घर भोजन किया, भोजन में विभिन्न व्यंजनों के साथ करेला की सब्जी होना आवश्यक होता है, निर्जला व्रत रखने हेतु तीज पर्व में करेला खाना जरूरी होता है। सुबह से महिलाएं स्नान के पश्चात सोलह श्रृंगार कर पूरी तैयारी कर भगवान पातालेश्वर कल्प केदारनाथ के मंदिर में विधि-विधान पूर्वक श्रद्धा के साथ पूजन-अर्चन करती रहीं।

व्रतियों ने भोलेनाथ की पूजा करने के बाद मां डिंडेश्वरी के चरणों में मत्था टेका एवं पूजन-अर्चना कर अपने पति के दीर्घायु होने की कामना की। मान्यता है कि, हरितालिका के दिन ही मां डिंडेश्वरी अर्थात मां पार्वती ने शिवजी को पति के रूप में साक्षात प्राप्त किया था। ठीक उसी मुद्रा में अंजली बद्ध, पद्मासन में आंखें बंद किए हुए मां डिंडेश्वरी सोलहों श्रृंगार कर भगवान पातालेश्वर के ध्यान में तपस्यारत हैं। भगवान भोलेनाथ उनकी कठिन तपस्या से खुश होकर पातालेश्वर कल्प केदारनाथ के रूप में उन्हें साक्षात दर्शन देते हैं एवं उनकी मनोकामना की पूर्ति करते हैं। तीजा का व्रत कुंवारी, विवाहित एवं विधवा सभी महिलाएं निर्जला रखती हैं एवं रात में भजन-कीर्तन करते हुए जागरण करती है। सुबह स्नान कर अपना व्रत का पारणा चिला, बिंसा, सिंघाड़ा, तीखूर फल फूल आदि के साथ करती हैं। फिर एक दूसरे के घर जाकर तीजा की बधाई देने का सिलसिला दिन भर चलता है। इसी क्रम में ठेठरी, खुरमी, अरसा, सलोनी, गुझिया जैसे खाद्य सामग्री घर आए तीजहारिनो को देने की परंपरा बहुत पुरानी है। इसके साथ सुहाग का सामान, कपड़ा वस्त्रादि उपहार में दिए जाते हैं। इन्हीं परंपराओं को निभाने एवं तीजा पर्व को खास बनाने महिलाएं अपनी मायके आती हैं।

## निर्जला व्रत रखकर महिलाओं ने मनाई तीज



मुंगेली। पति की लंबी उम्र के लिए महिलाओं ने मंगलवार को दिन भर निर्जला उपवास रखा। शाम ढलने के पूर्व हर मोहल्ले में मंदिरों अथवा किसी एक स्थान पर उपासक महिलाओं का समूह पूजन विधि में जुटा रहा। घरों में प्रसाद के लिए ठेठरी, खुर्मी, गुझिया जैसी चीजें बनाई गई। इससे पहलवे सोमवार को करू भात की रस्म अदा की गई। महिलाओं ने अलग-अलग टोलियों में मिलजुल कर करू भात खाया। इसमें मुख्य रूप से चावल और करेला खाया गया। अखण्ड सौभाग्य के लिए मंगलवार को सुहागिनों ने व्रत रखकर पूजा-अर्चना की। 30 घंटे तक अन्न-जल का त्याग करते हुए भगवान शिव व माता पार्वती की उपासना का पर्व हरतालिका तीज पर सोमवार की रात भोजन ग्रहण करने के साथ शुरू हो गया। सुहागिनों ने अखंड सौभाग्यवती होने का वर मांगकर मंगलवार को पूजा-अर्चना की। उपासना में लीन महिलाओं का व्रत बुधवार की सुबह पूरा होगा। सोलह श्रृंगार में सज-धज कर महिलाओं ने सामूहिक रूप से भगवान शिव व माता पार्वती की पूजा-अर्चना की। हरितालिका तीजा पर्व मनाने के लिए मायके जाने को लेकर रविवार से मंगलवार तक बस स्टैंड व बस-टैक्सियों में महिलाओं की भीड़ रही।



## जगह-जगह विराजेंगे विघ्नहर्ता, रहेगा भक्ति का माहौल

सीपत। अंचल गणेशोत्सव की रंगीन आभा में सराबोर हो चुका है। आज से विघ्नहर्ता गणेश जी का आगमन होगा। भव्य पंडाल, आकर्षक सजावट और भक्तों का उत्साह वातावरण को भक्ति और उल्लास से भर रहा है। समितियां भगवान विघ्नहर्ता का स्वागत बाजा गाजा के साथ करेंगी।

क्षेत्र के विभिन्न मोहल्लों, चौक-चौराहों और गांवों में गणेश प्रतिमाओं की स्थापना की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। मूर्तिकारों ने महीनों की मेहनत के बाद प्रतिमाओं को अंतिम रूप दिया है। वहीं पूजा समितियों ने पंडालों को बिजली की झालरों और थीम आधारित सजावट से दुल्हन की तरह सजाया है। आज गणपति बप्पा के आगमन के साथ ही क्षेत्र में ग्यारह दिनों तक भक्ति, उत्साह और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रहेगी। सुबह-शाम भजन-कीर्तन, आरती और सामाजिक आयोजनों से वातावरण गूंजेगा। श्रद्धालु 'गणपति बप्पा मोरया' के जयकारों के साथ भगवान गणेश की भक्ति में लीन होंगे। घर-घर और आंगन-आंगन में विघ्नहर्ता की स्थापना के साथ हर तरफ भक्ति का माहौल छा गया है।

## 11 केवी तार की चपेट में आने से 13 वर्षीय बच्चे की मौत, पिता घायल



सीपत। सीपत थाना क्षेत्र के ग्राम पंधी में रविवार को दर्दनाक हादसा हुआ, जिसमें 11 केवी तार की चपेट में आने से 13 वर्षीय बालक की मौत हो गई। बेटे को बचाने दौड़े पिता भी करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गए। हादसे के बाद गांव और परिवार में मातम छा गया। सीपत थाना प्रभारी गोपाल सतपथी से मिली जानकारी के अनुसार मृतक आदित्य सूर्यवंशी उम्र 13 वर्ष ग्राम पंधी में संजय मिश्रा के बाड़े की बाउंड्रीवॉल पर खेल रहा था। इसी दौरान खेलते-खेलते वह पास से गुजर रही 11 केवी बिजली तार की चपेट में आ गया। करंट लगने से आदित्य की मौके पर ही मौत हो गई। बेटे को छटपटाते देख पिता संजय सूर्यवंशी दौड़े और बचाने का प्रयास किया, लेकिन वे भी बिजली करंट की चपेट में आकर बुरी तरह झुलस गए। सूचना पर सीपत थाना प्रभारी दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और पंचनामा कर शव का पोस्टमार्टम कराया।

### इलाज के लिए भटके परिजन

हादसे में घायल संजय सूर्यवंशी को परिजन तत्काल दोपहर 3 बजे सीपत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, लेकिन यहां इलाज शुरू होने में एक घंटे से ज्यादा का समय लग गया। पीड़ित परिवार और ग्रामीणों का कहना है कि, सीपत पीएससी इमरजेंसी के लिए भरोसेमंद नहीं है, ऐसे हालात में बिलासपुर अस्पताल ले जाना ही सुरक्षित विकल्प है। गांव में हुई इस दर्दनाक घटना से माहौल गमगीन है। जहां एक ओर मासूम की मौत ने परिवार को तोड़ दिया, वहीं घायल पिता की हालत भी चिंता का विषय बनी हुई है।

# मुंगेली जिले में बड़े पैमाने पर पुलिसकर्मियों के तबादले



मुंगेली। थाना सिटी कोतवाली प्रभारी के रूप में निरीक्षक कार्तिकेश्वर जांगड़े को पदस्थ किया गया है। थाना प्रभारी सिटी कोतवाली उप निरीक्षक गिरिजा शंकर यादव को थाना प्रभारी फास्टरपुर बनाया गया है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय से बड़े पैमाने पर पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों का स्थानांतरण किया गया है।

स्थानांतरण सूची में थानेदार, उप निरीक्षक, सर्जेंट और अन्य कर्मचारियों के पद परिवर्तन शामिल हैं। थाना सिटी कोतवाली प्रभारी के रूप में निरीक्षक कार्तिकेश्वर जांगड़े को पदस्थ किया गया है। निरीक्षक रघुवीर चंद्र थाना प्रभारी पथरिया से थाना प्रभारी चिल्फी, निरीक्षक प्रसाद सिन्हा रक्षित केन्द्र मुंगेली से थाना प्रभारी पथरिया, उप निरीक्षक गिरिजा शंकर यादव थाना प्रभारी सिटी कोतवाली मुंगेली से थाना प्रभारी फास्टरपुर, उप निरीक्षक हरीश साहू थाना प्रभारी चिल्फी से थाना लोरमी, उप निरीक्षक सत्येन्द्र पुरी गोस्वामी थाना लोरमी से थाना सिटी कोतवाली मुंगेली, उप निरीक्षक सुरेश कश्यप चौकी प्रभारी साकेत से प्रभारी डायल 112, सहायक उप निरीक्षक रोशन टण्डन थाना सिटी कोतवाली मुंगेली से चौकी प्रभारी साकेत, सहायक उप निरीक्षक धर्मेन्द्र शर्मा थाना लोरमी से थाना सरगांव, सहायक उप निरीक्षक राजाराम साहू रक्षित केन्द्र मुंगेली से प्रभारी पुलिस नियंत्रण कक्ष मुंगेली, प्रधान आरक्षक महेश राज थाना जरहागांव से चौकी खुड़िया, प्रधान आरक्षक अरुण कुमार नेताम चौकी खुड़िया से थाना पथरिया, प्रधान आरक्षक विनोद नाथ योगी थाना पथरिया से थाना सरगांव स्थानांतरित किया गया है।

## हत्या के आरोपी को आजीवन कारावास



मुंगेली। संगवाकापा निवासी राजू उर्फ मंगलू पिता रामचरण निषाद उम्र 21 वर्ष को धारा 302 भारतीय दंड विधान के अपराध में दोषी पाया गया। सत्र न्यायाधीश गिरिजा देवी मेरावी ने उसे आजीवन कारावास एवं अर्थदंड से दंडित किया। अभियोजन की ओर से लोक अभियोजक रजनीकांत सिंह ठाकुर ने प्रकरण की पैरवी की।

घटना 25 मार्च 2024 की है, जब करीब 7 बजे शत्रुघ्न उर्फ राजू नेताम गांव के गोपी नेताम की दुकान से मिक्चर खरीदकर विष्णु निषाद की दुकान के सामने मिक्सर खा रहे थे। इसी दौरान राजू निषाद अपने घर से टंगिया लेकर आया और विनय मरावी तथा उसके भाई शत्रुघ्न उर्फ राजू नेताम के साथ गाली-गलौज करने लगा। इसी दौरान उसने पुरानी रंजिश को लेकर शत्रुघ्न उर्फ राजू नेताम के सिर पर टंगिया से जानलेवा हमला कर कर दिया। इस पर आहत विनय मरावी बीच-बचाव करने की कोशिश की तो राजू निषाद ने उसके गाल पर टांगिया से हमला कर दिया। हमले में शत्रुघ्न उर्फ राजू नेताम की गर्दन में गंभीर चोटें आई और लगभग मृतप्राय हो गया। शत्रुघ्न उर्फ को इलाज हेतु मुंगेली के अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन उसकी मौत हो गई। प्रार्थी आहत विनय मरावी की रिपोर्ट के आधार पर सिटी कोतवाली पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया। मामले में आरोपी राजू उर्फ मंगलू को धारा 302 201 भारतीय दंड संहिता के आरोप में दोषी ठहराया गया तथा धारा 324 भारतीय दंड संहिता के स्थान पर उसके लघुत्तर धारा 323 भारतीय दंड संहिता के अधीन दंडनीय अपराध में आरोपी पर दोषसिद्ध किया गया।




## खबर संक्षेप

### छत्तीसगढ़ व्यापमं की कॉन्स्टेबल भर्ती परीक्षा 14 सितंबर को

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ व्यापमं की ओर से जिला पुलिस बल में कॉन्स्टेबल पदों पर भर्ती के लिए नोटिफिकेशन जारी किया गया है। लिखित परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन की लिंक ओपन कर दी गई है। लिखित परीक्षा 14 सितंबर को ली जाएगी। कैंडिडेट 27 अगस्त शाम 5 बजे तक फॉर्म भर सकते हैं। प्रवेश पत्र 8 सितंबर को जारी कर दिए जाएंगे। ऑनलाइन आवेदन भरने में किसी प्रकार की दिक्कत होने पर कार्य दिवसों में सुबह 10:00 से शाम 5:30 बजे के बीच 0771-2972780 नंबर पर संपर्क किया जा सकता है। अभ्यर्थियों को व्यापमं की वेबसाइट पर जाकर पहले रजिस्ट्रेशन करना होगा।

### डॉ. संजय को निर्मला अंतरराष्ट्रीय हिन्दी साहित्य सेवा सम्मान



**बिलासपुर।** वर्ष 2025 का निर्मला अंतरराष्ट्रीय हिन्दी साहित्य सेवा सम्मान का सम्मान डॉ. संजय अनंत को प्रदान किया गया है। हिन्दी साहित्य को वैश्विक स्तर पर स्थापित करने में प्रवासी साहित्य की व्याख्या व समीक्षा कर उसे अलग पहचान देने में डॉ. संजय अनंत की विशिष्ट भूमिका रही है। यह सम्मान उन्हें कुरुक्षेत्र हरियाणा में होने वाले अंतरराष्ट्रीय सेमिनार में हरियाणा साहित्य संस्कृति अकादमी व प्रेरणा साहित्य शोध संस्थान द्वारा प्रदान किया जाएगा। इस संगोष्ठी में डॉ. संजय अनंत वैश्विक भाषिक संदर्भ व अनुवाद पर अपना शोध व्याख्यान प्रस्तुत करेंगे। उन्हें यह सम्मान हरियाणा साहित्य संस्कृति अकादमी व प्रेरणा शोध संस्थान द्वारा संयुक्त प्रायोजित अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में 7 सितंबर को दिया जाएगा। आईएमए के नेशनल कॉन्सिल के सदस्य डॉ अविजित रायजादा ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि संजय अपनी प्रतिभा से बिलासपुर को अनेक बार गौरवान्वित कर चुके है। एसईसीएल भटगांव अभियंता सेवानिवृत अशोक शर्मा के अनुसार संजय छत्तीसगढ़ की अंतरराष्ट्रीय पहचान है। संजय रजक, डॉ भारती भट्टाचार्य, प्रफुल्ल सिन्हा, सहित अन्य लोगों ने उनकी इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया है।

### निबंध प्रतियोगिता में चयनित प्रतिभावान विद्यार्थियों को पुरस्कार



**बिलासपुर।** द्वारका प्रसाद शुक्ला उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नवापारा (भकुर्रा) रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें जानकी देवी शिक्षण संस्थान समिति के सदस्य सुधारू राम पटेल शामिल हुए। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। टाटा बिल्डिंग इंडिया के द्वारा स्कूल निबंध प्रतियोगिता में चयनित प्रतिभावान विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरण किए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुधारू राम पटेल ने बच्चों को जीवन जीने की शैली के साथ-साथ राष्ट्र सेवा करने आवाहन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य रामजी राजपूत ने किया। उन्होंने बच्चों से कहा कि शिक्षक समाज के वास्तविक मार्गदर्शक होते हैं यह केवल ज्ञान ही नहीं देते बल्कि समाज व राष्ट्र के निर्माण में भी योगदान देते हैं। इस कार्यक्रम का संचालन समर अवस्थी ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के समस्त शिक्षक - शिक्षिकाओ एवं पालकों का सहयोग रहा।

### मोडिफाइड साइलेंसर लगाकर फर्राटे मारते 4 बुलेट जब्त



**बिलासपुर।** मोडिफाइड साइलेंसर लगाकर फर्राटे मारने वाले बुलेट सवार चार युवकों को पकड़ा गया है। साइलेंसर जब्त कर 16 हजार रुपए जुर्माना किया गया है। कोटा टीआई तोप सिंह नवरंग त्यौहारों के मद्देनजर थाना क्षेत्र में विशेष सतर्कता बरती जा रही है। लगातार पेट्रोलिंग कर मुख्य चौक चौराहे पर विशेष चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। मंगलवार को जांच के दौरान मोडिफाइड साइलेंसर लगाकर फर्राटे मारने वाले बुलेट सवार चार युवकों को पकड़ा गया है। मोडिफाइड साइलेंसर जब्त कर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत 16 हजार रुपए जुर्माना किया गया है।

### यातायात विभाग वाहन चालक से सड़कों पर धीरे चलने कर रहा अपील



**बिलासपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह के दिशा निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात रामगोपाल करियारे के मार्गदर्शन में वाहन चालकों से यातायात नियमों के तहत अपने वाहन धीमी गति से चलने की अपील की जा रही है। आज तीज पर्व को दृष्टिगत रखते हुए नेशनल हाईवे के समस्त क्षेत्र में नियमित रूप से पेट्रोलिंग कर तीजा पर्व के लिए मायके जाने वाली माताओ, बहनों, परिवार के अन्य सदस्यों एवं उनके साथ जाने वाहन चलाने वाले वाहन चालक को यातायात नियमो के प्रति संवेदनशील एवं सदैव नियम अनुसार सड़कों पर चलने अपील की गई। इस दौरन शहर में स्थापित होने वाले समस्त गणेश उत्सव समिति से समन्वय कर यातायात नियमों को बाधित न करते हुए शहर में टेंट एवं पंडाल लगाए जाने का भी अनुरोध किया गया। नेहरू चौक से- देवकी नंदन चौक-गांधी चौक- जगमल चौक-गुरुनानक चौक मार्ग, कोतवाली चौक से पुराना बस स्टैंड- सीएमडी चौक मार्ग, पुराना बस स्टैंड से अग्रसेन चौक- मंदिर चौक मार्ग इसी तरह सरकंडा बीट, मंगला बीट, लिंक रोड व्यापार विहार आदि सभी क्षेत्र में आवश्यक एहतियात हेतु पूर्व से व्यवस्था बनाते हुए आम नागरिकों से संयम और धैर्य से वाहन चलाने अपील की गई है।

---

**भर्ती प्रक्रिया अब भी जारी**

**बिलासपुर संभाग अंतर्गत 84 गवर्नमेंट कालेजों में से अधिकांश में शिक्षकों की कमी**

# संभाग के गवर्नमेंट कालेजों में 700 अतिथि प्राध्यापकों की होगी भर्ती

**बिलासपुर।** एक तरफ कालेजों में नया शिक्षा सत्र चालू हो गया है, वहीं दूसरी तरफ गवर्नमेंट कालेजों में शिक्षकों की कमी बनी हुई है। बिलासपुर संभाग अंतर्गत 84 गवर्नमेंट कालेज आते हैं जिनमें से 90 फीसदी कालेजों में शिक्षकों की कमी बनी हुई। इन शिक्षकों की कमी को दूर करने के लिए संभाग के गवर्नमेंट कालेजों में लगभग 700 अतिथि शिक्षकों की भर्ती इस सत्र की जा रही है।

बिलासपुर संभाग अंतर्गत बिलासपुर, जीपीएम, मुंगेली व जांजगीर-चांपा, कोरबा व रायगढ़ जिला आता है। इन जिलों में 84 गवर्नमेंट कालेज संचालित हैं जिनमें ब्वायस व गर्ल्स दोनों ही कालेज शामिल हैं। इनमें से लगभग 10 प्रतिशत कालेजों को छोड़कर बाकी 90 फीसदी कालेजों में शिक्षकों की कमी है। इन कालेजों में लगभग 700 शिक्षकों की कमी है। कालेजों में शिक्षकों की कमी के कारण अध्यापन कार्य प्रभावित होता है। नियमित सहायक प्राध्यापकों की भर्ती पीएससी के माध्यम से होती है जिसमें काफी समय लग जाता है। इसलिए उच्च शिक्षा विभाग द्वारा हर साल अतिथि शिक्षकों की भर्ती करके अध्यापन कार्य का सुचारु रूप से संचालन किया जाता है। इस शिक्षा सत्र के लिए भी अतिथि शिक्षकों की भर्ती के संबंध में उच्च शिक्षा विभाग ने निर्देश जारी कर दिए हैं और कुछ गवर्नमेंट कालेजों में अतिथि शिक्षकों की भर्ती हो चुकी है और कई कालेजों में भर्ती की प्रक्रिया अभी चल रही है।

### अतिथि व्याख्याता नीति का भर्ती में करना होगा पालन

उच्च शिक्षा विभाग ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए गवर्नमेंट कालेजों में अतिथि व्याख्याता रखे जाने निर्देश जारी किया है। इसमें शासन द्वारा बनाई गई अतिथि व्याख्याता नीति व मापदण्डों के अनुसार ही अतिथि व्याख्याताओं की नियुक्ति करने कहा गया है। शासकीय कालेजों में प्राध्यापक, सह-प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक सहित ग्रंथपाल एवं क्रीड़ाधिकारियों के नियमित पद रिक्त होने के कारण कालेजों के छात्र-छात्राओं का अध्यापन, प्रायोगिक, खेलकूद, पुस्तकालय एवं अन्य कार्य प्रभावित होता है। इसलिए तात्कालिक आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए अतिथि व्याख्याता, अतिथि ग्रंथपाल एवं अतिथि क्रीड़ाधिकारी की व्यवस्था की जाती है। इसलिए राज्य शासन ने इसके लिए अतिथि व्याख्याता नीति बनाई है।

### ऐसे होगा मेरिट के लिए अंकों का निर्धारण

अतिथि व्याख्याताओं के लिए मेरिट के लिए अंकों का निर्धारण इस तरह होगा। मेरिट लिस्ट बनाने के लिए अधिकतम 145 अंक होंगे। इसके मापदण्डों के अनुसार पीएचडी के लिए 25 अंक, नेट, सेट के लिए 20 अंक, एमफिल के लिए 5 अंक निर्धारित रहेगा। स्नातकोत्तर स्तर पर 50 मेरिट अंक, 55 के लिए 5 अंक, 56 से 100 प्रत्येक एक प्रतिशत के लिए एक अंक दिया जाएगा। इसी तरह अनुभव के लिए एक शैक्षणिक सत्र में 5 अंक, शासकीय कालेज में अतिथि व्याख्याता के रूप में अध्यापन अनुभव के लिए 30 मेरिट अंक, अनुसूचित जाति-जनजाति श्रेणी के अभ्यर्थियों के लिए 5-5 अंक, दिव्यांगजन एवं तृतीय लिंग के लिए 5-5 अंक होगा।

### अतिथि व्याख्याता का चयन करेगी समिति

अतिथि व्याख्याता नीति के तहत अतिथि व्याख्याता चयन के लिए एक समिति का गठन किया जाएगा। इसमें तीन-चार सदस्य रहेंगे, जिसमें यूनिवर्सिटी अध्ययनशाला के विभागाध्यक्ष एवं कालेजों के प्राचार्य, वरिष्ठतम शिक्षक अध्यक्ष होंगे। एक सदस्य अनुसूचित जाति, जनजाति एवं एक सदस्य महिला वर्ग से शामिल किए जाएंगे। चयन के लिए अर्हता संबंधित विषय में पीएचडी, नेट, सेट परीक्षा उत्तीर्ण, संबंधित विषय में एमफिल एवं यूजीसी के मापदण्ड अनुरूप स्नातकोत्तर स्तर पर न्यूनतम निर्धारित अंक कम से कम 55 प्रतिशत होना चाहिए।

### अतिथि व्याख्याता रखे जाएंगे

गवर्नमेंट कालेजों में जहां प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक के पद रिक्त हैं वहां इस शैक्षणिक सत्र में अतिथि व्याख्याता रखे जाएंगे। कालेजों में अध्यापन व्यवस्था सुचारू रूप से संचालन के लिए अतिथि व्याख्याताओं की भर्ती प्रक्रिया चल रही है और कुछ गवर्नमेंट कालेजों में भर्ती हो चुकी है।

-**प्रवीण पांडेय**, क्षेत्रीय अपर संचालक, उच्च शिक्षा

---

**राजयोग भवन में रक्तदान महा अभियान का आयोजन**

# रक्त ही एक ऐसी चीज जो संसार में दूसरे मनुष्य तक पहुंच सकती है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

रक्त ही एक ऐसी चीज है जो संसार में एक मनुष्य से दूसरे मनुष्य तक पहुंच सकती है। रक्त केवल इंसान ही इंसान को दे सकता है। कभी भी कृत्रिम रक्त नहीं बनाया जा सकता। एक यूनिट रक्त कितनों की जीवन बना सकता है।

■ **प्रकाशमणि दादी की 18 वीं पुण्य स्मृति दिवस पर शामिल हुए तोखन**

यह जीवन का सबसे पुनीत कार्य है तो वह रक्तदान का है इसीलिए कहा जाता है रक्तदान महादान। रक्त की कोई फैक्ट्री नहीं है, कोई दवा नहीं है और न ही कोई कृत्रिम विकल्प। उक्त वक्तव्य विश्व बंधुत्व दिवस के उपलक्ष्य में ब्रह्माकुमारी संस्था की पूर्व मुख्य प्रशासिका दादी प्रकाशमणि जी की 18वीं पुण्य स्मृति दिवस के अवसर पर ब्रह्माकुमारीज की मुख्य शाखा टेलीफोन एक्सचेंज रोड स्थित राजयोग भवन में आयोजित विशाल रक्तदान महा अभियान के मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्य आवासन एवं शहरी विकास मंत्री तोखन साहू ने कही। तोखन साहू ने आगे कहा कि जिस प्रकार से दादी जी का नाम प्रकाशमणि है उसी प्रकार आज वास्तव में यह प्रकाश पर्व है जो सभी ब्रह्मा कुमार भाई बहनो इतने वृहद पैमाने पर रक्त महादान कर रहे हैं। जो दादी प्रकाशमणि का प्रकाश चारों ओर फ़ैल रहा है। तोखन साहू जी ने अपने रक्तदान के अनुभवों को भी शेयर किया। सेवाकेन्द्र संचालिका बीके स्वाति दीदी ने कहा कि रक्तदान को हम "महादान" कहते हैं, क्योंकि यह दान किसी गरीब या अमीर को नहीं, बल्कि इंसान को बचाने के लिए किया जाता है। राजयोग भवन में सुबह 8:30 बजे से रात्रि 8 बजे तक विशाल रक्तदान महा अभियान चला। दीदी ने बताया विशाल रक्तदान कार्यक्रम का स्लोगन है रक्तदान विश्व बंधुत्व का अभियान। इस रक्तदान शिविर के मुख्य चार उद्देश्य हैं। एक तो दादी जी के प्रेम और आपसी प्यार की जो प्रति मूर्ति थी। दादी जी स्व सेवा से बढ़कर विश्व सेवा का लक्ष्य था उनके प्रति आदर व्यक्त करना। दूसरा भारत देश में जो सुरक्षित रक्त की आवश्यकता है उसे पूर्ति करना है। कहते हैं प्रति 2 सेकंड में किसी को खून की आवश्यकता पड़ती है। तीसरा निःस्वार्थ दान जो कि मानवता और देशभक्ति का सबसे बड़ा स्वरूप है, उसे प्रोत्साहित करना है और चौथा युवाओं में एक नियमित रूप से स्वेक्षिक रक्तदान की संस्कृति का निर्माण करना है। 134 रक्तवीरो ने रक्तदान किया। 90किलोमीटर से भी दूर से भी आकर रक्त दान किया, सेवाकेंद्र की सभी समर्पित बहनों ने भी इस अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लिया और रक्तदान कर बहुत ही उमंग-उत्साह और गर्व का अनुभव किया।



### आज रायगढ़ के चक्रधर समारोह में शामिल होंगे तोखन

केन्द्रीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू कल रायगढ़ में आयोजित चक्रधर समारोह में शामिल होंगे। यह ऐतिहासिक सांस्कृतिक आयोजन रायगढ़ की गौरवशाली परंपरा और समृद्ध लोक-संस्कृति का प्रतीक है। इस समारोह में छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमन डेका और केन्द्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत भी उपस्थित रहेंगे। चक्रधर समारोह छत्तीसगढ़ की कला, संस्कृति और संगीत परंपरा के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए देशभर में अपनी विशिष्ट पहचान रखता है। इस अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

---

# जुनेजा आई हॉस्पिटल ने निकाली जागरूकता रैली



**बिलासपुर।** 40वां नेत्रदान पखवाड़ा 25 अगस्त से 8 अक्टूबर तक मनाया जा रहा है। सीएमडी चौक स्थित जुनेजा सुपर स्पेशलिटीज आई हॉस्पिटल की ओर से सोमवार सुबह नेत्रदान

**हेल्थ प्लस**

जागरूकता रैली निकाली गई। इसका का नेतृत्व डॉ. सोनल जुनेजा ने किया।

कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 7 बजे सेंट्रल गुरुद्वारा, गोड़पारा से हुई। रैली का समापन कंपनी गार्डन में हुआ, जहां डॉ. जुनेजा ने नेत्रदान के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि भारत में हर वर्ष लगभग 25 हजार लोग कॉर्निया अंधत्व से पीड़ित होते हैं, जबकि नेत्रदान की संख्या मात्र 5 हजार तक ही सीमित है। मृत्यु के एक घंटे के भीतर नेत्रदान किए जाने से चार व्यक्तियों की आंखों की रोशनी लौट सकती है। इसलिए समाज को इस दिशा में जागरूक होना अत्यंत आवश्यक है। इस अवसर पर डॉक्टरों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और अस्पताल स्टाफ का सम्मान भी किया गया। डॉ. जुनेजा ने कहा कि नेत्रदान ही कॉर्निया अंधत्व का एकमात्र समाधान है। हर व्यक्ति को जीवनकाल में इसका संकल्प लेना चाहिए। रैली के माध्यम से से बड़ी संख्या में लोगों ने नेत्रदान का संकल्प पत्र भरकर अभियान से जुड़ने का निर्णय लिया। डॉ. जुनेजा ने कहा कि इस तरह के आयोजन आगे भी प्रत्येक नेत्रदान पखवाड़े में किए जाएंगे।

# सीयू और एरीना एनीमेशन के बीच हुआ समझौता

**बिलासपुर।** गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय और पिनेकल एजुटेक – फ्रेंचाइज़ी एरीना एनीमेशन बिलासपुर के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को डिजिटल मीडिया,

**एजुकेशन प्लस**

एनीमेशन, विज़ुअल इफेक्ट्स, मल्टीमीडिया और डिज़ाइन जैसे उभरते क्षेत्रों में उद्योगोन्मुखी शिक्षा और प्रशिक्षण प्रदान करना है। समझौते पर विवि की ओर से कुलसचिव डॉ. ए. एस. राणाडिवे और एरीना एनीमेशन बिलासपुर की ओर से प्रबंध निदेशक संदीप गुप्ता ने हस्ताक्षर किए। इस सहयोग के लिए विश्वविद्यालय के वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग की प्रो. (डॉ.)



अलका पांडे को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसके अंतर्गत विद्यार्थियों को इंटर्नशिप, लाइव प्रोजेक्ट्स, विशेषज्ञ व्याख्यान, कार्यशालाएँ, उद्योग संवाद, करियर मार्गदर्शन और प्लेसमेंट अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। एरीना एनीमेशन बिलासपुर के प्रबंध निदेशक संदीप गुप्ता ने कहा कि इसके माध्यम से बिलासपुर और छत्तीसगढ़ के विद्यार्थियों को राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर की इंडस्ट्री से जुड़ने का अवसर मिलेगा। एरीना एनीमेशन बिलासपुर में बी वॉक इन एनीमेशन पाठ्यक्रम में प्रवेश प्रारंभ हैं। इस कोर्स के अंतर्गत विद्यार्थी एनीमेशन, मल्टीमीडिया, गेमिंग और डिजिटल आर्ट्स में विशेषज्ञता हासिल करेंगे। प्रवेश की अंतिम तिथि 30 अगस्त 2025 है। साथ ही एरीना एनीमेशन बिलासपुर ने एरीना लीडरशिप स्कॉलर्शिप की घोषणा की है। इस छात्रवृत्ति के अंतर्गत चयनित विद्यार्थियों को उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों और रचनात्मक कौशल के आधार पर विशेष वित्तीय सहायता दी जाएगी। आवेदन की अंतिम तिथि 28 अगस्त 2025 रखी गई है।

---

# चालान पेश करने पीड़ित से मांगा पैसा सीपत थाने का आरक्षक निलंबित



**बिलासपुर।** मारपीट के मामले में चालान पेश करने सीपत थाने का कोर्ट आरक्षक पीड़ित से पैसा मांग कर प्रताड़ित कर रहा था। प्रताड़ना से त्रस्त होकर पीड़ित ने एसएसपी से मिलकर शिकायत की। एसएसपी ने शिकायत के गंभीरता से लेते हुए कोर्ट आरक्षक को निलंबित कर प्रारंभिक जांच का आदेश दिया गया है।

पूर्व में ग्राम खैरा डगनिया निवासी सुमित वस्त्रकार ने अपने साथ हुई मारपीट की रिपोर्ट सीपत थाने में दर्ज कराई थी। उक्त मामले का चालान तैयार हो गया है। सीपत थाने का कोर्ट आरक्षक सुभाष मरावी पीड़ित सुमित वस्त्रकार से कोर्ट में चालान पेश करने के लिए पैसे की मांगकर प्रताड़ित कर रहा था। प्रताड़ना से त्रस्त होकर मंगलवार को पीड़ित सुमित वस्त्रकार ने एसएसपी से आरक्षक के खिलाफ लिखित शिकायत की। एसएसपी रजनेश सिंह ने शिकायत को गंभीरता से लेते हुए कोर्ट आरक्षक सुभाष मरावी को निलंबित कर दिया है। वहीं उसके खिलाफ प्रारंभित जांच करने का आदेश दिया गया है। ज्ञात हो कि पूर्व में सिविल लाइन में महिला एएसआई कुसुम कैवत्य के द्वारा छेड़खानी के मामले में आरोपी से चालान पेश करने के एवज में 5 हजार रुपए मांगने के आरोप में लाइन अटैच कर दिया था।

### चालान के नाम खुलेआम हो रही वसूली

एसएसपी के सख्त निर्देश के बाद भी थानों में रिपोर्ट लिखाने जाने वाले पीड़ितों से चालान पेश करने, फोटो कापी कराने, कागज, पेन, पेन ड्राइव के एवज में वसूली किया जा रहा है। आलम यह है कि पीड़ित पक्षों से पुलिसकर्मी घरेलू काम के सामान तक खरीदवा ले रहे हे। वर्तमान में छोटे छोटे शिकायतों पर दूसरे पक्ष के लोगों को प्रतिबंधात्मक धाराओं का भय दिखाकर भयादोहन किया जा रहा है।

### एक साल वेतन वृद्धि रोकने की मिली थी सजा

पूर्व में निलंबित आरक्षक सुभाष मरावी, प्रकाश जगत, मरित बघेल बिना विवेचक के शराब बेचने के आरोप पर जांजी में एक युवक को पकड़ने चले गए थे। उक्त युवक छत से कुदकर भाग रहा था तब उसका पैर टूट गया था। एसएसपी श्री सिंह के द्वारा बिना विवेचक के आरोपी पकड़ने जाने घोर लापरवाही बरतने पर तीनों आरक्षक को एक साल वेतन वृद्धि रोकने की सजा से दंडित किया गया था।

### डबल तैनाती पर था आरक्षक

निलंबित आरक्षक सुभाष मरावी लंबे समय से सीपत थाने में पदस्थ होकर कोर्ट आरक्षक का काम कर रहा था। जनवरी 2024 में उसका कोतवाली थाना तबादला हुआ था। महज दो कोतवाली थाने काटने के बाद फिर से उसने सीपत थाने में तबादला करा लिया था। बताया जाता है, कोर्ट आरक्षक होने के बाद भी वह सुबह से थाने पहुंच जाता था और क्षेत्र में घूम घूमकर अवैध शराब बेचने वालों की धरपकड़ करता था। बाहर में सेंटिंग हो गया तो ठीक नहीं तो थाने में लाकर कार्रवाई करा देता था। उक्त आरक्षक से पूरे क्षेत्र के लोग परेशान थे।

# गौरीशंकर बने छग कालिंगा समाज के प्रदेश अध्यक्ष, हिमगिरि सचिव

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ कालिंगा समाज की प्रांतीय कार्यकारी बैठक रेलवे इंस्टीट्यूट में हुई। बैठक के दौरान समाज की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया।



प्रदेश भर के कालिंगा समाज के लोगों की मौजूदगी में सर्वसम्मति से निर्वाचन हुआ। भिलाई कालिंगा समाज के अध्यक्ष एवं चरोदा मंडल भाजपा अध्यक्ष ए. गौरीशंकर को छत्तीसगढ़ कालिंगा समाज का प्रदेश अध्यक्ष चुना गया। रायपुर के हिमगिरि बाबू को प्रदेश सचिव और बिलासपुर के डी. वेंकटरमन को प्रदेश कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। संरक्षक मंडल में पार्षद लक्ष्मीपति राजू, एस. श्रीनू, एस. रामू और टी. ईश्वर राव शामिल किए गए। वहीं एल. राव को वरिष्ठ कार्यकारी अध्यक्ष और



एस. जगदीश्वर राव को कार्यकारी अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई। समाज के चार उपाध्यक्ष चुने गए। जिनमें पी. पापा राव, बी. वेंकटरमन, डी. वेणुगोपाल और बी. मोहन राव शामिल हैं। इसी तरह संयुक्त सचिव पद पर जी. भुजंग राव, ए. त्रिनाथ राव, जी. भास्कर राव और ए. राधाकृष्ण को नियुक्त किया गया। सहायक संयुक्त सचिव का दायित्व के. राजशेखर राव को सौंपा गया।

### ट्रांसफार्मर में लगी भयानक आग

**बिलासपुर।** मंगलवार को तड़के सुबह सरजू बगीचा एयर टेल ऑफिस सीबी हाइट के सामने ट्रांसफार्मर में भयानक आग लग गई। इसे वहां सुबह मॉर्निंग वॉक करने गए लोगों ने देखा। आनन फानन में फायर बिर्गेड वाले को फोन के माध्यम से सूचना दिए। मोहल्लों वाले ने मिलजुलकर किसी तरह आग में क़ाबू पाया। वहां रखे चाय नास्ते ठेले का ऊपर का छावनी जल गया। मेहल्लों वालों की सूझबुझ से एक बड़ा हादसा टल गया। वहां पास में ही अस्पताल हैं। एयर टेल आफिस हैं। कोई जन हानि नही हुई। इस तरह किसी भी तरह से नागरिकों के सहयोग से आग पर काबू पाया गया।



## खबर संक्षेप

### विद्यार्थियों ने पौधरोपण कर लिया संरक्षण का संकल्प



**तखतपुर।** नवजागृति उमा विद्यालय में विद्यार्थियों ने पौधरोपण कर उनके संरक्षण का संकल्प लिया। संस्था की प्राचार्य एसपी सैमुएल ने कहा कि, पौधरोपण कर हम प्रदूषण को नियंत्रित करने में अपना एक कदम बढ़ा रहे हैं। केवल पौधों का रोपण कर देने से ही हमारी जवाबदारी खत्म नहीं हो जाती, न पौधों को वृक्ष बनाने के लिए हम सब मिलकर प्रयास करेंगे। इस अवसर पर माधुरी ठाकुर, निशा विल्सन, नमिता साहू, सुनीता सिंगसरिया, लक्ष्मी दिवाकर दुर्गा ठाकुर, अभिषेक पाठक, धर्मराज दिवाकर, हेमचंद कौशिक, आकांक्षा पाठक, आरती साहू, अंजनी जांगड़े, गायत्री श्रीवास, गीता यादव, सिमरन सिन्हा, सरिता लहरे, अन्नू यादव, अरमित खंडेलवाल, शिवानी क्षत्रिय, विदिशा यादव, शेफाली गुप्ता सहित शिक्षक उपस्थित रहे।

### एसपी ने जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**गौरेला।** प्रजापति ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की ओर से गौरेला आश्रम में नशामुक्त भारत अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक सुरजन राम भगत, नगर पालिका अध्यक्ष मुकेश दुबे, उपाध्यक्ष रोशनी तापस शर्मा, प्रजापति ब्रह्मकुमारी की सदस्य बहन शारदा ने जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना किया। इस अवसर पर अतिथियों ने सभी उपस्थित लोगों को नशा मुक्ति की शपथ भी दिलाई। नशा मुक्ति जागरूकता रथ में नशा करने से होने वाले दुष्प्रभाव को चित्रों और कार्टून के माध्यम से दिखाया गया है, जो गौरेला के विभिन्न स्कूलों में जाकर बच्चों को जागरूक करने का माध्यम बन रहा है। एसपी सुरजन राम भगत ने इस अभियान की सराहना करते हुए लोगों से नशे से दूर रहकर सभ्य समाज के स्थापना करने की अपील की। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष मुकेश दुबे, उपाध्यक्ष रोशनी तापस शर्मा, पार्षद निलेश साहू, प्रजापति ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विवि संचालक सदस्य शारदा बहन के साथ साथ बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों की उपस्थिति रही।

### क्षेत्र के शिक्षक गेंदले का कलिंगा विवि में सम्मान

**पथरिया।** शिक्षा के क्षेत्र में अपने उत्कृष्ट कार्य, समर्पण, नवाचार एवं ग्रामीण बच्चों की प्रतिभा को निखारने के लिए लगातार नवोदय, एकलव्य एवं उत्कर्ष परीक्षा की विशेष तैयारी के लिए



ख्याति प्राप्त एवं राज्यपाल से पुरस्कृत शिक्षक जितेन्द्र गेंदले को कलिंगा विवि में सम्मानित किया गया। कलिंगा विवि के सभागार में आयोजित शिक्षक सम्मान समारोह 2025 में उपस्थित गोल्फ फेडरेशन ऑफ इंडिया के संस्थापक व महासचिव आर्यवीर आर्य एवं कलिंगा विवि के कुल सचिव डॉ संदीप गांधी ने जितेन्द्र गेंदले को शाल एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम की शुरुआत में कलिंगा विश्वविद्यालय के कुल सचिव डॉक्टर संदीप गांधी ने कलिंगा विश्वविद्यालय के विकास यात्रा की झलक प्रस्तुत की, जिसमें इन्होंने विश्वविद्यालय की शैक्षणिक उपलब्धियां के बारे में जानकारी प्रदान की। इसके बाद आर्यवीर आर्य ने शिक्षकों से आह्वान किया कि, शिक्षक छत्तीसगढ़ के शैक्षिक विकास यात्रा को आगे बढ़ाने में इसी तरह अपना तन मन धन लगाए रखें। इस दौरान अपने अनुभव को साझा करते हुए राज्यपाल पुरस्कृत शिक्षक जितेंद्र गेंदले ने कलिंगा विश्वविद्यालय का आभार प्रदर्शन किया।

## पेड़ के नीचे होती हैं ग्राम सभाएं व पंचायत की बैठकें

# बिरगहनी पंचायत भवन खंडहर में तब्दील

जरहागांव। बिरगहनी के ग्रामीण जहां एक ओर बिजली की समस्या से एक वर्ष से जूझ रहे हैं, तो वहीं ग्राम पंचायत भवन नहीं होने से की समस्यों को लेकर सरपंच सचिव को खोजना पड़ता है। चूंकि, पंचायत भवन खंडहर होने के कारण वहां बैठना संभव नहीं है, ऐसे में पंचायत बैठक, ग्राम सभा आदि का संचालन पेड़ के नीचे बैठ कर करना पड़ता है।





जर्जर पंचायत भवन।

### हैं सांप-बिच्छू

पंचायत भवन तथा गांव में बिजली के समस्या को लेकर कलेक्टर से शिकायत की गई, लेकिन अब तक कोई आला अधिकारी जांच के लिए नहीं आए। पंचायत भवन का जीर्णोद्धार करने का प्रयास किया गया लेकिन, डिस्मेंटल के लायक होने एं वीरान जगह पर होने के कारण भवन का उपयोग संभव नहीं है। जब तक नए जगह पर नया भवन निर्माण नहीं होगा, तब तक समस्या बनी रहेगी।

**- रत्ना मिलन कुर्रे,** सरपंच

### पंचायत भवन में जाने को डरते है लोग

मिली जानकारी के अनुसार पूर्व में मनमाने तरीके से कब्रिस्तान के समीप आनन-फानन में भवन निर्माण करा दिया गया, लेकिन गुणवत्ताविहीन होने से भवन खंडहर में तब्दील हो गया है। आलम ये है कि, लोग उस भवन में जाने से भी डरते हैं। एक तरफ वीरान जगह और दूसरी तरफ खंडहर होने के कारण उस भवन में कोई भी जाना नहीं चाहता, लिहाजा ग्राम पंचायत का कार्य सही ढंग से संपादित नहीं हो पा रहा है।

### भवन से निकलते हैं सांप-बिच्छू

प्रत्यक्ष दर्शियों का कहना है कि, भवन के अंदर की स्थिति भयावह है। भवन में सांप-बिच्छू अपना डेरा बनाए हुए हैं। यदि उस भवन को डिस्मेंटल नहीं किया गया तो, अचानक कोई भी हादसे का शिकार हो सकता है।



वाहन को हरी झण्डी दिखाते केन्द्रीय मंत्री तोखन साहू।

## नेत्रदान पखवाड़ा रथ को तोखन ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

रजत जयंती वर्ष 2025 के अवसर पर जिले में विभिन्न विभागों द्वारा विविध कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में स्वास्थ्य विभाग की ओर से जिला चिकित्सालय के अंधत्व निवारण समिति के द्वारा जिले में 8 सितम्बर तक नेत्रदान पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने जिला कलेक्टोरेट परिसर से नेत्रदान पखवाड़ा रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

राष्ट्रीय अंधत्व एव अल्पदृष्टि नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत कलेक्टर कुंदन कुमार एवं जिला पंचायत सीओ प्रभाकर पाण्डे के आदेशनुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शीला साहा, सिविल सर्जन डॉ एमके राय, जिला कार्यक्रम प्रबंधक गिरीश कुर्रे, नोडल अधिकारी राष्ट्रीय अंधत्व एवं अल्पदृष्टि नियंत्रण कार्यक्रम डॉ देवेश खाण्डे के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में 40वां राष्ट्रीय नेत्रदान कार्यक्रम में सियान सदन रामगढ़ मे वरिष्ठ नागरिकों एवं पेंशनर्स का स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया, जिसमें 36 लोगों ने स्वास्थ्य पंजीयन कराया। साथ ही 36 की शुगर जांच, 8 को चश्मा वितरण एवं 15 वय वन्दन कार्ड बनाए गए। डॉ देवेश खाण्डे ने बताया कि, हमारी आंख हमारे मरने के बाद भी किसी का काम आ सकती हैं। नेत्रदान मृत्यु के बाद किया जाता है। इस अवसर पर नेत्र सर्जन डॉ देवेश खाण्डे, नेत्र सहायक अधिकारी राजेंद्र बंजारे, सहायक नोडल भक्तस्नेही पटेल, चंद्रकांती चौबे, शंकर सप्रे, दिलेश्वर भास्कर, संध्या यादव, सरिता महिलांगे, राज प्रियंका, किशोर कुम्भकार, इकांक्षा साहू, खिलेंद्र साहू, थानेश साहू, विवेक सोनी, बिंदु वीरेंद्र रात्रे, पेंशनर्स प्रेसीडेंट सोलंकी, प्रमोद पाठक, नीलकंठ तिवारी उपस्थित थे।

### ब्रह्माकुमारीज ने मनाई दादी प्रकाशमणि की 18वीं पुण्यतिथि



**तखतपुर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय सुख शांति भवन में संस्था की प्रथम मुख्य प्रशासिका दादी प्रकाशमणि की 18वीं पुण्यतिथि मनाई गई। संस्था प्रभारी ममता दीदी ने दादी जी की विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि, आध्यात्मिक ज्ञान, गुण एवं शक्तियों से विभूषित दादी प्रकाशमणि ऐसी सशक्त महिला का नाम है, जिन्होंने महिलाओं को शक्ति स्वरूपा बनने का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया, एवं उनकी छिपी हुई शक्तियों को जागृत किया। इस अवसर पर सभी ने दादी प्रकाशमणि के पद चिन्हों पर चलने का संकल्प लेते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से चंचल बहन, विनोद अग्रवाल, घनश्याम जांगड़े, विमला जांगड़े, देवचरण यादव, अशोक कश्यप, नारद कश्यप, कुमुदनी धीवर, टार्जन भास्कर, अंजूलता गुप्ता, चितवन, माधवी यादव, भागेश्वर राजपूत सहित संस्था से जुड़े सदस्य उपस्थित रहे।

## जनपद सीईओ ने किया क्षेत्र की ग्राम पंचायतों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जरहागांव



पंचायतों का निरीक्षण करते जनपद सीईओ।

जिले में शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन एवं समय सीमा में कार्य पूर्ण कराने के उद्देश्य से लगातार निरीक्षण किया जा रहा है।

इसी क्रम में कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देश पर सोमवार को जनपद पंचायत मुंगेली के मुख्य कार्यपालन अधिकारी राकेश साहू ने निरीक्षण के दौरान ग्राम पंचायत धरमपुरा, दशरंगपुर, छतौना, सोढ़ार, फरहदा, फुलवारी एवं भथरी का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने वर्ष 2024-25 के अंतर्गत स्वीकृत अप्रारंभ एवं प्रगतिरत प्रधानमंत्री आवास योजनाओं का स्थल निरीक्षण कर संबंधित जिम्मेदार अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कार्य की गति तेज करने और निर्धारित समय सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने मनरेगा अंतर्गत चल रहे प्रगतिरत आंगनबाड़ी भवन निर्माण कार्यों का भी जायजा लिया। साथ ही स्वच्छ भारत मिशन के तहत डोर टू डोर वेस्ट कलेक्शन व्यवस्था की भी समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने स्पष्ट कहा कि, गांवों में स्वच्छता और बुनियादी ढांचे के निर्माण कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सीईओ साहू ने सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक एवं आवास मित्रों को निर्देशित करते हुए कहा कि शासन की प्रत्येक योजना आमजन तक सही तरीके से पहुंचे और कार्य गुणवत्तापूर्ण एवं समयसीमा में पूर्ण हो। उन्होंने यह भी हिदायत दी कि कार्यों में किसी भी प्रकार की शिथिलता पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

निरीक्षण के दौरान उनके साथ जनपद पंचायत से कार्यक्रम अधिकारी अशोक साहू, विकासखंड समन्वयक नरेंद्र यादव तथा तकनीकी सहायक विनय कुलमित्र भी उपस्थित रहे। ग्रामवासियों ने भी इस निरीक्षण के दौरान योजनाओं की जानकारी सीईओ को दी और कई स्थानों पर कार्य की प्रगति पर संतोष व्यक्त किया। वहीं, कुछ स्थानों पर सीईओ ने तत्काल सुधार के निर्देश दिए।

### भारत स्वाभिमान का सात दिवसीय योग शिविर 4 सितंबर से



**तखतपुर।** भारत स्वाभिमान बिलासपुर के तत्वाधान में सात दिवसीय योग शिविर 4 से 7 सितम्बर तक संस्कृतिक भवन परिसर तखतपुर में आयोजित किया जाएगा। योग शिविर को लेकर भारत स्वाभिमान जिला अध्यक्ष गोविंद तिवारी, पतंजलि योग समिति जिला अध्यक्ष डॉक्टर केके श्रीवास्तव एवं आरपी शुक्ला के नेतृत्व में श्रीराम सदन में बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से रोहन सिंह ठाकुर को अध्यक्ष बनाया गया। साथ ही सहायक के रूप में विजय मिश्रा, रमेश पांडेय, संदीप पाठक, अजय सिंगरौल, गरीबा यादव, बलदेव साहू, रीना ठाकुर, देवी सिंह ठाकुर, मनीष कौशिक, पार्षद कमल सिंह ठाकुर, अजय यादव, भूषण कश्यप, डॉ नवीन पाली, लखनलाल धनगर, नारायण प्रसाद पाली सहित अन्य उपस्थित रहे।

## रजत जयंती वर्ष पर सुपोषण चौपाल व महिला जागृति शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ गौरेला

महिला बाल विकास विभाग के एकीकृत बाल विकास परियोजना गौरेला की ओर से छत्तीसगढ़ राज्य के स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित रजत जयंती वर्ष पर सुपोषण चौपाल, महिला जागृति शिविर अमृतम होम्स में आयोजित किया गया।



कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि गौरेला नपा अध्यक्ष मुकेश दुबे रहे एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता उपाध्यक्ष रोशनी तापस शर्मा ने की। साथ ही महिला बाल विकास के परियोजना अधिकारी सुषमा केशरी उपस्थित रहीं। मुकेश दुबे ने कहा कि, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई ने हमें छत्तीसगढ़ राज्य बना कर दिया, जिसका हम 25 वर्ष रजत जयंती वर्ष के रूप में मना रहे हैं। आज हमारा छत्तीसगढ़ विकास की नई इबारत लिख रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्ष रोशनी शर्मा ने कहा कि, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में महतारी वंदन के माध्यम से लाखों महिलाओं को लगातार सम्मान राशि प्रदान की जा रही है, जिसका प्रबंधन महिला बाल विकास विभाग के माध्यम से हो रहा है। मुख्यमंत्री ने नेतृत्व में आज हम देश के अग्रणी राज्यों में सम्मिलित हो रहे हैं। कार्यक्रम को भाजपा नेता तापस शर्मा और शिक्षाविद ज्योति दुबे ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में सभी सेक्टर के द्वारा व्यंजनों की बगिया और पोषण आहार का स्टॉल लगाया गया, जिसका अतिथियों ने अवलोकन किया गया। महिलाओं के द्वारा मेहंदी प्रतियोगिता, गायन प्रतियोगिता सहित अन्य कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित सभी महिलाओं का स्वास्थ्य जांच कर दवा वितरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन परियोजना अधिकारी सुषमा केशरी ने किया। इस अवसर पर महिला बाल विकास विभाग के सभी सुपरवाइजर, कार्यकर्ता एवं सहायिका बड़ी संख्या में उपस्थित रहीं।

■ स्वास्थ्य जांच सहित अन्य रंगारंग कार्यक्रमों का आयोजन

## कला उत्सव में शामिल हुए सैकड़ों प्रतिभागी

हरिभूमि न्यूज ⏭ करगीरोड कोटा

शासकीय कन्या उमा विद्यालय में विकासखंड स्तरीय कला उत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें विकासखंड के विभिन्न स्कूलों से सैकड़ो प्रतिभागी बालक-बालिका शामिल हुए। इस अवसर पर नोडल अधिकारी एवं प्राचार्य आशा दत्ता ने आयोजन के उद्देश्य व महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि, स्कूली शिक्षा के साथ कला व संस्कृति हमारे जीवन में संवेदनशीलता व मानवीय दृष्टिकोण प्रदान करती है। शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष सुलेश पाण्डेय ने कहा कि, कला हमारी शिक्षा का अभिन्न अंग है, जिसमें व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास शिक्षा एवं कला संस्कृति के समन्वित प्रयास से ही सम्भव है।



कार्यक्रम को विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी नरेंद्र मिश्रा ने कला व संस्कृति को जीवन को सकारात्मक व सार्थकता प्रदान करने वाला बताते हुए सफल आयोजन की बधाई दी। कार्यक्रम का सफल संचालन संस्था के व्याख्याता डॉ रामबाबू गुप्ता ने किया। कार्यक्रम में निर्णायक मंडल ने निर्धारित नियमों एवं मापदंडों के अनुरूप निर्णय दिया। निर्णायक की भूमिका में वरिष्ठ कला व साहित्य तथा शिक्षा से जुड़े हुए रामनारायण तिवारी, विनोद गुप्ता, गया प्रसाद प्रसाद साहू, सोम प्रभा तिवारी, राधिका तंबोली, निशा अग्रहरि, एम खान, श्वेता सिंह आदि शामिल रहे। कार्यक्रम में सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी तंबोली, श्रीमती किंडो एवं संध्या जायसवाल आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में कोटा विकासखण्ड के अंतर्गत केंदा, रतनपुर, नवागांव, जोगीपुर, धौराभाठा, करगीकला, खोगसारा, गोबरीपाट, शिवतराई, अमने, पिपरतराई आदि सहित कोटा नगर के सभी विद्यालयों की सहभागिता रही। कार्यक्रम में विनोद गुप्ता एसएमडीसी सदस्य की गरिमा उपस्थिति के साथ विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्य सेजेस डी के पी कोटा राकेश दिघ्रस्कर एवं बड़ी संख्या में विकासखंड के शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के प्राचार्य, व्याख्याता एवं शिक्षक व प्रतिभागी छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### 66 समितियों एवं निजी विक्रय केन्द्रों में डीएपी एवं यूरिया का पर्याप्त भण्डार

**मुंगेली।** जिले के 66 सेवा सहकारी समितियों एवं निजी विक्रय केन्द्रों में नैनो डीएपी एवं नैनो यूरिया का पर्याप्त मात्रा में भण्डारित है। इन सभी सेवा सहकारी समितियों में नैनो यूरिया 6497 नग भण्डारित कर 3207 नग किसानों को वितरण किया जा चुका है। इसी तरह नैनो डीएपी 3114 नग भण्डारित कर 1085 नग कृषकों को वितरण किया जा चुका है, जो कि मिट्टी को बिना नुकसान पहुंचाये फसल को पोषण प्रदान करता है। उपसंचालक कृषि एमआर. तिग्गा ने बताया कि जिले को खरीफ 2025 हेतु बीज वितरण का 14 हजार 855 क्वि. का लक्ष्य प्राप्त हुआ है, जिसके विरुद्ध में 17 हजार 377 क्विंटल समितियो में भंडारित कर कृषकों को पूर्ण वितरण किया जा चुका है।

# सड़क सुरक्षा वाद-विवाद स्पर्धा में आत्मानंद के विद्यार्थियों ने बाजी मारी

**लोरमी।** विकास खण्ड स्तरीय सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया, जिसमें सेजेस लोरमी, गोडखाम्ही, खेकतरा दादन, झाफल, सुकली, डोंगरिया, अखरार हायर सेकेंडरी विद्यालयों के छात्रा छात्राओं ने भाग लिया।



प्रतियोगिता में प्रथम स्थान दिप्ती बंजारे-प्रिंस रामेकर, द्वितीय स्थान सम्पदा तिवारी-तुषार घृतलहरे, तृतीय स्थान अखिलेश पटेल-उजेन ने प्राप्त किया। साथ ही भूमिका रूपेश्वरी साहू, निशु साहू, अंजय साकत, कीर्ति, मिनाक्षी साहू को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। इस अवसर पर विकास खंड शिक्षा अधिकारी मनीषा पाटले ने छात्र-छात्राओं को सड़क 'सुरक्षा ही जीवन की रक्षा है' विषय पर जानकारी प्रदान की। प्राचार्य अरूण कुमार जायसवाल ने आगामी वर्षों में अच्छी तैयारी करने का मंत्र दिया। कार्यक्रम में संस्था में विखं शिक्षा अधिकारी मनीषा पाटले, सहायक विखं शिक्षा अधिकारी सुनील शर्मा, आत्मानंद अंग्रेजी स्कूल के प्राचार्य अरूण कुमार जायसवाल, सुरेश शुक्ला प्राचार्य शास उमा विद्यालय डोंगरिया, जेके मोहारे प्राचार्य शास उमा विद्यालय गोड़खाम्ही, अनुप साहू प्राचार्य शास उमा विद्यालय खेकतरा दादन एवं विकास खंड के समस्त प्राचार्यों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के निर्णायक की जिम्मेदारी कंचन कर्माकर व्याख्याता सेजेस, विष्णु राठौर व्याख्याता सेजेस लोरमी, विनोद गुप्ता व्याख्याता झाफल स्कूल ने निभाई। कार्यक्रम में पियुषा चौधरी, विजय विश्वकर्मा, सीपी साहू, अंकिता जानशन, सुनील शर्मा, एबीओ, सुरेश शुक्ला, जेके मोहारे, सीमा तिवारी, अंशुल साहू, ने सक्रिय सहयोग प्रदान करते हुए छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित किया।


## आम सूचना

मैं, अपने पक्षकार प्रदीप कुमार गुप्ता पिता गणेश प्रसाद गुप्ता, सुनील कुमार गुप्ता पिता गणेश प्रसाद गुप्ता, राजकुमार गुप्ता पिता गणेश प्रसाद गुप्ता सभी निवासी वार्ड क्र. 17 पानी टंकी के पास, शाति नगर बिलासपुर से अधिकृत हो कर निम्न आशय का आम सूचना प्रकाशन करती हूँ कृपया अवगत होवें कि मेरे पक्षकारगण ने उमेश कुमार कश्यप पिता स्व. बलराम कश्यप निवासी जूना बिलासपुर, जिला बिलासपुर से उसके स्वत्त्व एवं स्वामित्व की भूमि जो कि प.ह.न. 36, मौजा जूना बिलासपुर, रा.नि.म. व जिला बिलासपुर में स्थित भूमि जिसका ख.नं. 423/1, रकबा 2200 वर्गफुट, को क्रय करने का पक्का सौदा किया जा चुका है व निकट भविष्य में पंजीयन कराया जावेगा। इस पंजीयन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति संस्था, बैंक, निकाय को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो मेरे कार्यालय में उपस्थित हो कर मय दस्जावेज सहित 7 दिनों के भीतर अपना लिखित आपत्ति दर्ज करावें, समय सीमा व्यतीत होने पर की गई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

सो सूचना जाने।

भवदीय
सविता पंजाबी
अधिवक्ता
Savita Panjabi
Near Pump House
Tiwari Chal, Rajendra Nagar
Bilaspur (C.G.)
मो.- 09424150589
9425219132

## नाम परिवर्तन सूचना

मैं, सौम्या सिंह पत्नी श्री राहुल अग्रवाल, निवासी मकान संख्या 26, मानस मंदिर, सीपत चौक, सरकंडा, बिलासपुर, छत्तीसगढ़, की हूँ। मैने विवाह के कारण अपना नाम सौम्या सिंह से बदल कर सौम्या अग्रवाल कर लिया है। यह नाम परिवर्तन, नोटरी पब्लिक के समक्ष निष्पादित शपथ पत्र संख्या 138481, दिनांक 25/08/2025 के अनुरूप है। अब से मैं सभी आधिकारिक और व्यक्तिगत कार्यों के लिए सौम्या अग्रवाल के नाम से जानी, पहचानी, संबोधित एव लिखीं जाऊँगी।

सौम्या सिंह
पति श्री राहुल अग्रवाल
सरकंडा, बिलासपुर छ.ग.

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार बिलासपुर (छ.ग.)**
**ज्ञापन**

क्रमांक/क/अति.तह./वा./2025
बिलासपुर दिनांक 25/08/25

प्रति,
पटवारी ह.नं. 25 मौजा-खमतराई तहसील बिलासपुर

**विषय-खसरा नंबर को एकीकृत करने के संबंध में जॉच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने बाबत।**

विषयांतर्गत लेख है कि छ.ग. शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग मंत्रालय महानदी भवन नया रायपुर अटल नगर के पत्र क. 2430/एफ-4/ सात-/2020 नया रायपुर अटल नगर दिनांक 13.08.20 के अनुसार आपस में संलग्न खसरा नम्बर की भूमि के साथ नक्शा को सम्मिलित किये जाने हेतु आवेदक गीतांजली इंफ्रा एण्ड इंजिनियरिंग सर्विसेस द्वारा भागीदार पी. आर. साहू पिता स्व. एम. आर. साहू निवासी नर्मदा नगर बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. द्वारा मौजा खमतराई प.ह.नं. 25 रा.नि.मं. कोनी तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. में स्थित भूमि खसरा नंबर 965/1, 965/2, 965/3, 965/4, 965/5, 961/2, 964/2 रकबा क्रमशः 0.1170, 0.1170, 0.1170, 0.1170, 0.1170, 0.275, 0.4780 हे. भूमि संविलियन कर नया खसरा नम्बर हेतु आवेदन पत्र, बी-1, खसरा, नक्शा सहित प्रस्तुत किया है।

अतः मौजा खमतराई प.ह.नं. 25 रा.नि.मं. कोनी तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. में स्थित भूमि खसरा नंबर 965/1, 965/2, 965/3, 965/4, 965/5, 961/2, 964/2 रकबा क्रमशः 0.1170, 0.1170, 0.1170, 0.1170, 0.1170, 0.275, 0.4780 हे0 भूमि का नक्शा बटांकन करते हुए सम्पूर्ण खसरो की भूमि का एकीकृत चिन्हांकित नक्शा तैयार कर प्रतिवेदन दिनांक 10/09/25 के भीतर अनिवार्य रूप से देवे।

**अतिरिक्त तहसीलदार बिलासपुर (छ.ग.)**

## आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे आसामी द्वारा भूमि स्वामीगण लक्ष्मी बाई प्रभाकर, पिता जेठूराम प्रभाकर व फेकुराम सोनी, पिता जगदीश प्रसाद सोनी के स्वत्व एवं आधिपत्य की स्थित भूमि मौजा रमतला तह. व जिला बिलासपुर ख.नं. 1052/2 रकबा 0.2830 हे.को क्रय करने का सौदा किया गया है, जिसकी निकट भविष्य में भूमि स्वामीगण द्वारा मेरे आसामी के पक्ष में पंजीकृत विक्रय पत्र निष्पादित कर दिया जायेगा, अतः इस क्रय विक्रय में किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय या गैर शासकीय निकाय, बैंक इत्यादि को कोई दावा आपत्ति हो तो वह इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में मय दस्तावेज लिखित आपत्ति दर्ज करावें, समय बाधित आपत्ति अमान्य होगी।

अस्तु सूचना जानें।

भवदीय
किशन यादव
अधिवक्ता
कार्या./नि.-राजस्व कॉलोनी,
पेठा कारखाना के सामने, चांटीडीह रोड,
सरकण्डा, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)
मो.नं.-7805928773

**न्यायालय माननीय प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वर्ग -1, बिलासपुर (छ.ग.)**
**आम सूचना**

सक्से. प्र.क्र. 57/2025
पेशी तारीख 25.09.2025
आदेश दिनांक 14.08.2025
प्रोसेस क्रमांक 151/25

श्रीमती टिंकू राय उम्र 54 साल पति श्री संजीव राय, पिता स्वर्गीय अनिल बरनदास निवासिनी हेमूनगर बिलासपुर, तहसील एवं जिला बिलासपुर (छ.ग.) ............... आवेदिका

बनाम

1. आम जनता 2. मुख्य पोस्ट माल्टर, आर. एस. पोस्ट ऑफिस, रेलवे बिलासपुर तहसील एवं जिला बिलासपुर (छ.ग.) 3. आसीतदास उम्र 51 साल पिता स्व. अनिल बरनदास, पता देवरीखुर्द बचपन स्कूल के पास बिलापुर तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) 4. रिना पाल उम्र 49 साल पति श्री कल्याण पाल पिता स्व. अनिल बरन दास निवासी जेड /112 दुबे कालोनी सांई मंदिर के पास मोवा रायपुर तहसील एवं जिला रायपुर छ.ग.

प्रति, आम जनता चूंकि आवेदिका के द्वारा इस न्यायालय में अपनी माता नीलिमा दास पति स्व. अनिल बरन दास की मृत्यु दिनांक 15.01.2025 को हुयी मृत्यु पश्चात अनावेदक क्रमांक 2 के संस्थान में खाता क्रमांक 8485048803 में फिक्स डिपाजिट मे जमा रकम 1,50,000/- रूपया एक लाख पचास हजार रूपये जिसमे आवेदिका का नाम बतौर नामिनी दर्ज है, को प्राप्त किये जाने बाबत उत्तराधिकार प्रमाण पत्र बाबत आवेदन पेश की है। उक्त प्रकरण मे दिनांक 25.09.2025 को इस न्यायालय में सुनवाई हेतु तिथि नियत है।

इस आम सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि किसी व्यक्ति, संस्था निकाय, शासकीय, अर्धशासकीय का कोई हित या आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में सुनवाई तिथि 25.09. 2025 को उपस्थित होकर मय दस्तावेज के अपनी आपत्ति जवाब पेश कर सुनवाई तिथि में भाग ले सकता है। यदि सुनवाई तिथि को कोई आपत्ति या कोई उपस्थित नहीं होता है तो उक्त प्रकरण का निराकरण एक पक्षीय रूप से किया जावेगा एवं बाद में की गयी आपत्ति मान्य नहीं होगी।

यदि किसी कारण वश न्यायालयीन अवकाश हो जाता है या पीठासीन अधिकारी अवकाश पर रहते है तो प्रकरण की सुनवाई अगले कार्य दिवस को की जावेगी।

अतः आज दिनांक 22/08/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुहर से जारी किया गया।

स्थान बिलासपुर
दिनांक 22/08/2025

(विजेन्द्र सोनवानी)
प्रथम व्यवहार व्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी बिलासपुर (छ.ग.)
(सेन्ट्रल प्रोसेस फीस सेक्शन के उपयोग हेतु)

हरिभूमि लाइव
बिलासपुर, बुधवार 27 अगस्त 2025
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255



# अखंड सुहाग के लिए रखा निर्जला व्रत, रातभर भजन-कीर्तन



सुहागिन महिलाओं और युवतियों का हरितालिका तीज व्रत भाद्रपद शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि पर मंगलवार को पूजन किया गया। निर्जला व्रत रखी महिलाओं ने संध्या होते ही फुलेहरा सजाकर भगवान शिव व माता पार्वती विधी-विधान से पूजा की, व्रत को लेकर महिलाएं उत्साहित रही और पूजन-अर्चन का दौर चलता रहा। इस दौरान महिलाओं ने सोलह श्रृंगार कर व्रत.पूजन किया। बुधवार सुबह नदी, तालाब व सरोवरों में पूजन सामग्री का विसर्जन करने के बाद व्रत का पारण किया गया।



### तिलकनगर शिव मंदिर में पूजन

#### रातभर भजन-कीर्तन, सुबह पारण



**बिलासपुर।** महिलाओं द्वारा तीजा पर्व पर जहां रात्रि में भक्तिभाव का क्रम चलता रहा और भगवान महादेव एवं माता पार्वती के पूजन में महिलाएं लीन रही। महिलाओं ने इस दौरान पति के दीर्घायु की कामना करते हुए चार पहर पूजा-अर्चना की। शाम को मिट्टी से तैयार महादेव और पार्वती की प्रतिमा का विधिवत पूजन किया गया और इसके बाद व्रत कथा सुनने के साथ ही भजन-कीर्तन करते हुए पूरी रात जागरण किया पौराणिक मान्यताएं है कि तीज पर्व का विशेष महत्व है।

सुहागिन महिलाएं पति की दीर्घायु की कामना के लिए इस व्रत को रखती है कुंवारी कन्याएं भी योग्य व मनोवांच्छित वर की प्राप्ति के लिए यह व्रत रखती है। शास्त्रों के अनुसार हरितालिका तीज व्रत में कथा का विशेष महत्व होता है कथा के बीना यह व्रत अधूरा माना जाता है। महिलाओं में हरितालिका तीज को लेकर उत्साह बना रहा और रातभर जागरण, भजनए पूजन का क्रम चलता रहा,जिसमें 36 घंटे चले इस व्रत का आस्थापूर्वक पारण किया।

### घरों व मंदिरों में हुई पूजा

तीज की पूजा महिलाओं ने द्वारा हर घर में की गई, वहीं शहर के शिव, हनुमान मंदिरों में भी सामूहिक रूप से बड़ी संख्या में महिलाओं ने पूजन किया। यहां पहुंची महिलाओं ने पूजन के पश्चात भगवान के भजनों से भक्तिमय माहौल बनाया। पूरी रात्रि भर महिलाओं ने तीज फुलहरा के समक्ष बैठकर जागरण किया।

#### ये है मान्यता

ऐसी मान्यता है कि तीजा पर्व में महिलाएं सोलह श्रृंगार करके मायके की साड़ी पहनती हैं। सोलह श्रृंगार में बन संवरकर शिव-पार्वती की पूजा-अर्चना करती है। सोहारी पर्व पर घरों में अनेक प्रकार के छत्तीसगढ़ व्यंजन ठेठरी, खुर्मी, गुजिया-सोहारी आदि नमकीन एवं मीठे पकवान बनाए जाते है।



# आज विराजेंगे विघ्नहर्ता, जगह-जगह सजे पंडाल, विधि विधान से होगी पूजा

**बिलासपुर।** दस दिवसीय उत्सव का पर्व गणेश चर्तुथी गणपति बप्पा की स्थापना के साथ प्रारंभ हो रहा है,आज घरों-घर व पंडालों में विधी-विधान से विघ्नहर्ता की स्थापना की जाएगी। पंडित रामेश्वर मिश्र ने बताया की भगवान श्री गणेश की स्थापना का दिन बुधवार होने से स्थापना विशेष हो गई है,श्री गणेश चर्तुथी का यह दिन संयोग से वर्षो बाद पड़ रहा है। पंडित ने कहा कि यूं तो विघ्नहर्ता की स्थापना दिनभर की जा सकती है,भाद्रपद माह की चतुर्थी तिथि की शुरुआत मंगलवार को दोपहर 1 बजकर 54 मिनट से होगी और इसका समापन बुधवार को दोपहर 3 बजकर 44 मिनट पर होगी। इस शुभ मुहुर्त पर भगवान गणपति की स्थापना करना अधिक शुभ रहेगा। शहर में जगह-जगह विराजित प्रतिमाएं पूरे उत्सव के दौरान लोगों के बीच आकर्षण की केंद्र रहेगी। भगवान गणेश को हर माह के कृष्ण और शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि समर्पित है। इस शुभ तिथि पर गणपति बप्पा की पूजा-अर्चना करने का विधान है। धार्मिक मान्यता के अनुसार भाद्रपद माह की चतुर्थी तिथि पर भगवान गणेश का अवतरण हुआ था, इसलिए इस तिथि को गणेश चतुर्थी मनाई जाती है। इस दिन लोग अपने-अपने घरों में भगवान गणेश को विराजमान कर उनकी पूजा-अर्चना करेंगे और 10 दिन बाद इसका विसर्जन होगा। शहर में अनंत चतुर्दशी तक गणेश भगवान की विधी-विधान से पूजन किया जाएगा। मंगलवार को देर रात तक भव्य आगमन किया गया,शहर की कई समितियों ने इस आगमन पर खूब आतिशबाजी और गाजे-बाजे से भव्य स्वागत किया। गणपति बप्पा के जयकारें लगाते हुए सदस्यों ने बड़े उत्साह से श्री गणेश को शहर के मुख्य मार्ग से होकर पंडाल तक लेकर आएं,जहां विघ्नहर्ता को विराजित किया गया। स्थानीय मूर्तिकारों के अलावा रायपुर, भिलाई, दुर्ग, राजनांदगांव से भी प्रतिमाएं लाई गई है,जिसकी कीमत 50 हजार से शुरू होकर तकरीबन दो लाख तक बताई जा रही है।

### भगवान गणेश के शुभ दिन पर होगी स्थापना, ऐसा संयोग वर्षों बाद



### आकर्षक लाइटिंग व पंडाल की सजावट रहेगी खास

शहर में गणेश उत्सव समितियों ने अलग-अलग थीम पर पंडाल व प्रतिमाएं तैयार की गई है, शुभ मूहूर्त पर गजानन की स्थापना होगी और 10 दिनों तक उनकी सेवा की जाएगी। जगह-जगह स्थापित गणपति बप्पा को चमचमाती रोशनी और आकर्षक पंडाल सजावट कर स्थापना की जा रही है। गणेशोत्सव समितियों ने अपने तय थीम के अनुसार पंडाल, लाइटिंग, फूल समेत दूसरी सजावट की हैं। इसके अनुसार कहीं पर गणपति भोलेनाथ की तरह दिख रहे तो,कही पर सिध्दीविनायक की तरह आकार दिया गया है। पंडालों को महल, गार्डन समेत अलग-अलग थीम पर सजा लिया गया है। इसके अलावा आर्टिफिशियल फूलों की सजावट की गई है।

### सुमुख गणेश मंदिर में उत्सव प्रारंभ होगा आज

रेल्वे कंस्ट्रक्शन कॉलोनी के श्री सुमुख गणेश मंदिर में 5 दिवसीय गणेश चतुर्थी पूजा उत्सव का आयोजन रखा गया है। 27 से 31 अगस्त तक गणेशजी का गणपति हवन, अभिषेकम, सहस्त्र नाम अर्चना, रूद्राभिषेकम का विशेष पूजा का कार्यक्रम है। पहले दिन बुधवार 27 अगस्त को गणपति हवन, अभिषेकम, सहस्त्रनाम अर्चना, महादीप आराधना, प्रातः भक्त जन दर्शन एवं प्रसाद का वितरण किया जाएगा। शाम को भी अभिषेकम, सहस्त्रनाम अर्चना व महादीप आराधना का कार्यक्रम है। अन्य दिन भी पूजा, हवन चलेगा। 31 अगस्त को श्री सुमुख गणेश अपने मूषक वाहन में सवार होकर भक्तों को दर्शन देने हेतु निकलेंगे। रथयात्रा मंदिर से प्रारंभ होकर तारबाहर, महेश स्वीट्स तक जाकर वापस अपने मंदिर की ओर आएगी।

# दुर्गा स्तुति, कृष्ण लीला व महाभारत की प्रभावशाली प्रस्तुति

स्पिकमैके के तत्वावधान में प्रख्यात कुचिपुड़ी कलाकार टी. रेड्डी लक्ष्मी सनिध्या का विशेष कार्यक्रम आधारशिला विद्या मंदिर में आयोजित किया गया। इस अवसर पर कलाकार ने अपनी अनूठी शैली और भावपूर्ण प्रस्तुति से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। शास्त्रीय परंपरा की गहराई और सौंदर्य को प्रस्तुत करते हुए उन्होंने विद्यार्थियों और श्रोताओं को भारतीय सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने का प्रेरणादायी संदेश दिया।



संस्कृति से सशक्त होती है नारीः टी. रेड्डी लक्ष्मी

बिलासपुर। कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित इंटरएक्टिव सत्र में विद्यार्थियों ने कलाकार से संवाद कर भारतीय शास्त्रीय कलाओं की साधना,अनुशासन और महत्व को समझाया। अपने प्रस्तुति में उन्होंने दुर्गा स्तुति, कृष्ण लीला और महाभारत के एक प्रभावशाली प्रस्तुतीकरण - द्रौपदी चीरहरण शामिल थे। उनके प्रदर्शन ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया, जिसमें कुचिपुड़ी नृत्य की गहराई, भाव और कहानी कहने की शक्ति का खूबसूरती से प्रदर्शन किया गया। उनके साथ सौम्या (वोइलिन), विग्नेश (मृदंग) , कोट्टकल (गायक) ने मिलकर लय, राग और अभिव्यक्ति का एक भावपूर्ण मिश्रण प्रस्तुत किया, जिसने छात्रों और कर्मचारियों, दोनों के लिए अनुभव को समृद्ध बनाया। स्पिक मैके, भारतीय शास्त्रीय संगीत और संस्कृति की धरोहर को संरक्षित एवं प्रोत्साहित करने की दिशा में एक सार्थक कदम है। छत्तीसगढ़ के बहुत से शैक्षिणिक



संसथान जैसे आईआईटी रायपुर, आईआईएम रायपुर, डॉ सी वी रमन विश्वविद्यालय,अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय,चैतन्य कॉलेज पामगढ़, चोकसे कॉलेज बिलासपुर एवं स्पीक मैके के बीच अनुबंध किया गया है। इस अनुबंध स्पीक मैके छत्तीसगढ़ के प्रदेश समन्वयक अजय श्रीवास्तव की अगुआई में संपन्न हुई। जिसके तहत अब संगीत, कला, संस्कृति के क्षेत्र में यह संस्थान साथ मिलकर कार्य करेंगे। इस अनुबंध के पश्चात अब भारतीय कला, संगीत और संस्कृति की धरोहर अब इन संस्थानों की साझी विरासत होगी।

### संगीत के प्रचार-प्रसार उन्नयन में महत्वपूर्ण भूमिका

विद्यालय के चेयरमैन डॉ अजय श्रीवास्तव ने विशेष रूप से स्पिक मैके के कलाकारों का आभार प्रकट किया, जिन्होंने अपनी अनूठी प्रस्तुति से श्रोताओं को भारतीय शास्त्रीय संगीत और संस्कृति से जोड़ने का कार्य किया। साथ ही शिक्षकों और विद्यार्थियों के उत्साह एवं सहयोग को भी सराहा। डॉ अजय ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में कला और संस्कृति के प्रति संवेदनशीलता तथा भारतीय परंपराओं के संरक्षण की भावना जागृत करते हैं।

कार्नर न्यूज

# बच्चों की भावभंगिमा, स्पष्ट उच्चारण और सटीक लय ने सबका मन मोह लिया











**बिलासपुर।** दिल्ली पब्लिक स्कूल में में हिंदी कविता वाचन गतिविधि का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों के भाषा कौशल,उच्चारण,आत्मविश्वास और मंच पर प्रस्तुति देने की क्षमता को विकसित करना था। कार्यक्रम में नन्हे मुन्ने प्रतिभागियों ने मंच संभाला,अपनी मधुर आवाज में कविताओं का वाचन किया। बच्चों के भावभंगिमा, स्पष्ट उच्चारण और सटीक लय के साथ कविताएं सुना कर सबका मन मोह लिया। मंच सजावट ने पूरे माहौल को और भी आकर्षक बना दिया। इस गतिविधि के निर्णायक गण में सीमा श्रीवास्तव एवं दीपिका खांडेकर मैडम शामिल थे,उन्होंने अंत में निर्णय परक किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य जसपाल सिंह माथ एवं प्रशासनिक अधिकारी आर सी मोहंती ने बच्चों के द्वारा प्रस्तुत की गई कविताओं की सराहना कर कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां बच्चों के मानसिक और शारीरिक विकास एवं उनकी रुचियां को आगे बढ़ाने में मदद करती है।

### इन छात्रों ने किया वाचन

नर्सरी कक्षा से दिव्यांशी यादव, अधिराज अग्रवाल, अव्यान बत्रा, यक्षित अग्रवाल, ओजस्वी श्याम, काव्य यादव, मीनल लहरे।
एल.के.जीमें -अंश अमोल पेडेगांवकर, अवीर जायसवाल, निया चोपड़ा, रेयान जुनेजा, दिव्यांश विश्वकर्मा, अमेहा बनर्जी, अयांश पटनवार, वेद अग्रवाल।
यूकेजी में रव्या कौर, तनीषा प्रकाश रावल, श्रीजा चिपड़े, आयशा अग्रवाल, रितेयू शर्मा, सिद्धि वर्मा, गौरांश राज सिंह गुंबर, अव्यान अग्रवाल ने वाचन किया।

26 AGUST- BSP-PG-6_Layout 1 8/27/2025 12:14 AM Page 1



## खबर संक्षेप

### महिला के बेग से 2.50 लाख के जेवर चोरी

**बिलासपुर।** तीज मनाने के लिए मायके से मौसी के घर जाने के लिए महिला बस में सवार हुई। भीड़ का फायदा उठाकर चोरो ने उनके बेग से 2.50 लाख रुपए के जेवर पार कर दिया। पुलिस महिला की रिपोर्ट पर चोरों के तलाश में जुट गई है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार गनियारी निवासी दुर्गा वर्मा पति विरेन्द्र वर्मा 25 अगस्त को मौसी के घर ग्राम जलसो जाने के लिए आटो से नेहरू चौक आई। यहां उनकी बहन सोनाली वर्मा, बुआ संदीपा वर्मा, ज्योति वर्मा, दामिनी वर्मा के साथ जलसो जाने के लिए अल्फा बस का इंतजार करते हुए खड़ी थी। शाम 5.30 बजे वाली बस में बैठकर जलसो जाने के लिए निकली। थोड़ी दूर जाने के बाद बैग का वजन कम लगने पर उन्होंने बैग खोलकर देखे तो सोने का हार, झुमका, चांदी का करधन चोरीपार हो गया था। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात चोरों के खिलाफ बीएनएस की धारा 303, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### नाले में बहे चौथे व्यक्ति का भी शव मिला

**बिलासपुर।** मन्नत पूरी होने पर मंदिर दर्शन के लिए गए चार श्रद्धालु लौटते समय बरसाती नाले में बह गए थे। सोमवार को तीन बच्चों का शव मिल गया था, जबकि मंगलवार सुबह चौथे व्यक्ति का शव भी बरामद हुआ। बलौदाबाजार जिले के बिटकुली निवासी सुरेश ध्रुव परिवार के साथ भनवारटंक स्थित मरही माता मंदिर दर्शन के लिए गए थे। उन्होंने अपने रिश्तेदार बलराम ध्रुव (45) निवासी बोदरी परसदा और उनकी बेटी मुस्कान (13) को भी साथ बुलाया था। दर्शन व भोजन के बाद सभी गांव लौटने की तैयारी कर रहे थे। इसी दौरान पास के नाले में पानी पुलिया के ऊपर से बह रहा था। पुलिया पार करते वक्त तीन बच्चे मितांश ध्रुव (5), गौरी ध्रुव (13) और मुस्कान ध्रुव बह गए। उन्हें बचाने के प्रयास में बलराम भी नाले में कूद पड़े। घटना के बाद ग्रामीणों ने खोजबीन की, जिसमें सोमवार शाम तक तीनों बच्चों के शव मिल गए थे। बलराम का पता नहीं चल सका था। मंगलवार सुबह एसडीआरएफ और पुलिस ने तलाश अभियान चलाया और उनका शव कुछ दूरी पर झाड़ियों में अटका मिला। मंगलवार को चारों शवों का पोस्टमार्टम कराया गया। इसके बाद चकरभाठा क्षेत्र के बोदरी परसदा में बलराम व उनकी बेटी मुस्कान का अंतिम संस्कार हुआ, वहीं मितांश और गौरी का शव उनके गांव बिटकुली ले जाया गया। गांव में मातम पसरा हुआ है।

### 25 दिन के बच्चे को मातृ छाया में छोड़ा, मौत

**बिलासपुर।** निर्मोही मां 25 दिन के बच्चे को मातृ छाया में छोड़कर चली गई। बच्चे को इलाज के लिए शिशु भवन में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। बताया जाता है जन्म के बाद उसका रीड की हड्डी नहीं बनी थी। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, एक निर्मोही मां रात के अंधेरे में अपने 25 दिन के बच्चे को मातृ छाया के झूले में छोड़कर चली गई थी। बच्चे के रोने की आवाज सुनकर मातृ छाया वाले बाहर निकले तो झूले में बच्चा था। लगातार बच्चे के रोने पर मातृ छाया के लोग बच्चे को इलाज के लिए शिशु भवन में भर्ती कराने गए। मंगलवार को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने बताया, डाक्टर ने पुष्टि की जन्म लेने के बाद उसकी रीड की हड्डी नहीं बनी थी। सूचना पर पुलिस मर्ग कायम कर लिया है।

**किसानों में मायूसी** | खारंग जलाशय की बायीं तटनहर के टेल एरिया का हाल

# खारंग जलाशय लबालब, लेकिन नहर के अंतिम छोर में 23 दिन बाद भी सूखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

खारंग जलाशय में लबालब पानी भरा है, लेकिन इसकी बायीं तटनहर के अंतिम छोर पर बसे गांवों में अब तक संतोषजनक पानी नहीं पहुंच पाने के कारण किसानों में मायूसी है। सिंचाई विभाग द्वारा खारंग की नहरों से 3 अगस्त को पानी छोड़ा गया था, लेकिन अंतिम छोर पर बसे ग्रामीणों के अनुसार नहर में 23 दिन बाद भी पानी नहीं पहुंचा है।



खारंग जलाशय खूंटाघाट में भरपूर बारिश के प्रभाव से इस साल समय से पहले ही वेस्टवियर प्रारंभ हो चुका है। सिंचाई विभाग द्वारा केवल वेस्ट वियर के माध्यम से पानी को व्यर्थ न बहाते हुए बांध के दोनों गेट खोलकर भी बहाया जा रहा है, ताकि जरूरतमंद किसानों को इसका लाभ मिल सके। विभाग द्वारा तीन अगस्त से बांध की दोनों तटनहरों में पानी छोड़ा जा रहा है, लेकिन आज दिनांक तक नहर के अंतिम छोर तक पानी नहीं पहुंचने से किसानों में मायूसी है। ग्रामीणों का कहना है कि शाखा नहर में पानी का लेबल अगर 90 सेंटीमीटर हो तो ही अच्छी सिंचाई हो सकती है, लेकिन आज तक का रिकार्ड है कि नहर में 40 सेंटीमीटर से ज्यादा पानी उपलब्ध ही नहीं हो पाता। इधर सिंचाई विभाग का कहना है कि बांध से नहर के अंतिम छोर की दूरी 75 किलोमीटर से भी अधिक है। यही कारण है कि पानी खोलने के दिनांक से खेतों की सिंचाई होते-होते अंतिम छोर तक पहुंचने में 25 से 30 दिनों का समय लग ही जाता है।

### खेती के लिए पानी की जरूरत

पिछले दस दिनों से जिले में तेज बारिश हो ही नहीं रही है, जिससे किसानों को सिंचाई के लिए अब नहर के पानी का ही इंतजार है। खारेग जलाशय से लेकर 30 किलोमीटर के दायरे में बसे गांवों में किसानों को सिंचाई के लिए भरपूर पानी मिल रहा है, लेकिन इसके आगे बसे गांवों में दिक्कत हो रही है। सोन, सोनसरी, जोंधरा सहित करीब पंद्रह गांवों में नहर में पर्याप्त पानी ही नहीं आ पाने के कारण लोगों में मायूसी है।

### विभाग कर रहा सतत मानिटरिंग

बांध से नहर में पानी छोड़ने के दिनांक से लेकर ठीक एक महीने बाद कितने हेक्टेयर में सिंचाई की जा चुकी है, इसकी जानकारी तैयार की जाती है। वैसे तो टेल एरिया में पानी विलंब से पहुंचता ही है, लेकिन पानी पहुंचे ही नहीं यह संभव नहीं है। नहर के आखिरी छोर तक पानी की उपलब्धता रहे इसके लिए विभाग सतत मानिटरिंग कर रहा है।

**-मधु कुमार चंद्रा,** ईई खारंग जलसंसाधन संभाग

शहर में चल रहीं अैवध चौपाटियां, मर्जी से खुल रहीं दुकानें

# 20 करोड़ में 10 जगहों पर बनना था वेंडिंग जोन, 10 सालों में जगह ही तय नहीं हो सकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर की कई सड़कों पर अवैध चौपाटियां चल रही हैं। निगम की अनुमति के बिना यहां कारोबार किया जा रहा है। देखा जाए तो निगम ने शहर में 1200 के करीब लोगों को वेंडिंग जोन के लिए चिन्हित किया था, जबकि 5,000 से ज्यादा ठेले और चौपाटियां लग रही हैं। इन अवैध चौपाटियों और ठेलों को नियंत्रित नहीं किया जा रहा है। 10 के करीब जगहों पर वेंडिंग जोन बनाए जाने थे, लेकिन दो जगहों पर ही बन सके हैं। बाकि के लिए निगम को जगह ही नहीं मिल सकी। जबकि व्यापार विहार, मंगला चौक के पास और मुंगेली नाका चौक के पास वेंडिग जोन बनाए जाने की घोषणा भी की गई थी। इसके अलावा 2 करोड़ रुपए में तैयार की गईं कियोस्क स्मार्ट गुमटियों में से अधिकांश कंडम हो गईं, तो कुछ का वितरण नहीं किया जा सका।

- अवैध पार्किंग से बिगड़ा ट्रैफिक, वेंडिंग जोन नहीं बनने से परेशानी

सदर बाजार, गोल बाजार, शनिचरी, बृहस्पति, तेलीपारा, पुराना बस स्टैंड, मुंगेली नाका, गौरव पथ, महाराणा प्रताप चौक, तारबाहर, सरकंडा, राजकिशोर नगर, कोनी सहित विभिन्न सड़कों पर 1000 से अधिक गुमटियां व ठेलों के जरिए लोग रोजमर्रा के फल, सब्जी से लेकर अन्य वस्तुओं का कारोबार कर रहे हैं। शाम के वक्त इनकी संख्या ज्यादा होती है और इसके चलते आवागमन में बाधा पहुंचती है। बृहस्पति बाजार, शनिचरी, वाल्मिकी चौक, बिलासा चौक जैसे स्थानों पर ट्रैफिक ठप रहता है। नगर निगम के अतिक्रमण निवारण दस्ते व ट्रैफिक पुलिस की कार्रवाई छलावा साबित होती है, क्योंकि जैसे ही टीम बाजार से हटती है, ठेले वापस रोड पर पहुंच जाते हैं। देखा जाए तो शहर में वेंडर पालिसी 12 सालों से चल रही है।



गोंड़पारा में बनाई गई स्मार्ट गुमटियां हो गई कंडम।

### 3 साल में 7 हजार वेंडर बढ़ गए

एनयूएलएम यानी राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के अंतर्गत 2018-19 में केंद्र सरकार के निर्देश पर चेन्नई की टीम ने शहर में वेंडरों का सर्वे किया। उस वक्त 3,000 वेंडर्स की पहचान की गई और उन्हें वेंडर कार्ड दिए गए। इसके बाद चार अलग-अलग श्रेणियों में फिर वेंडर, गुमटियों के सहारे जीविका चलाने वालों के संबंध में सर्वे किया गया तो 7,000 वेंडर पाए गए। ये आंकड़े एनयूएलएम के पोर्टल पर उपलब्ध हैं। इस प्रकार शहर में वेंडरों की संख्या 10,000 पहुंच चुकी है और इसमें निरंतर बढ़ोतरी हो रही है।

### इन स्थानों पर बनने थे वेंडिंग जोन

वेंडर पालिसी लागू होने के 8 वर्षों में पहली बार रिवर व्यू रोड पर 19 वेंडर्स को मॉडल कियोस्क दिए गए थे। साल भर की मशक्कत के बाद 32 वेंडर्स को मुक्तिधाम रोड सरकंडा में स्थान आबंटित करने का दावा किया गया है। गुमटियां वहां लगाई गई हैं, परंतु कारोबार अभी शुरू नहीं हो पाया है। इसके अतिरिक्त चार अन्य स्थानों पर पंप हाउस कुदूदुंड, मंगला चौक, अशोक नगर सीएसईबी कार्यालय के पीछे एवं डीएलएल कालेज अशोक नगर के पास कियोस्क आबंटित करने का निर्णय एमआईसी ने लिया था।

### आबंटन के बाद किस्त भी जमा नहीं

इन गुमटियों को स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत तैयार किया गया था। गुमटी का आकार 28 वर्गफीट है। इसमें शटर भी लगा था। योजना थी कि इस गुमटी में छोटे व्यापार जैसे फोटोकापी, च्वाइस सेंटर, टी स्टाल, पान ठेला की तरह अन्य दुकानें संचालित हो सकेंगी। पहले चरण में 100 गुमटियों का आबंटन किया गया। इसके बाद दूसरे चरण में 200 और स्मार्ट ठेले बनाए गए। कुल मिलाकर इन पर 2 करोड़ रुपए खर्च किए गए। इनमें से कुछ का वितरण निगम नहीं कर सका, तो कई लोगों ने गुमटियां ले तो लीं, लेकिन दुकानें नहीं खुलीं। जानकारी मिली कि कुछ लोग इसे किराए पर चढ़ाने में लगे रहे। इसी वजह से निगम को किश्त भी जमा नहीं की गई। दरअसल, एक गुमटी की कीमत 94,000 रुपए थी, जिसे 10,000 रुपए जमा करने पर दिया जा रहा था।

### बिना अनुमति खुल रही चौपाटियां

शहर में कोई भी कहीं पर चाट-गुपचुप और अन्य खाद्य पदार्थों का ठेला लगाकर चौपाटी खोल रहा है। इसकी न तो निगम से अनुमति ली जा रही है और न ही इन जगहों पर वेंडिंग जोन घोषित किया जा रहा है। मिनोचा कालोनी के सामने, मिशन अस्पताल के सामने से लेकर लिंक रोड में, तेलीपारा, इमलीपारा में तीन जगहों पर छोटी चौपाटी बन गई है। बस स्टैंड में राजीव प्लाजा के सामने, दयालबंद में अवैध ठेले-खोमचे और छोटी दुकानें खुल गई हैं। इसी तरह शहर में कई जगहों पर कारोबारियों ने खुद ही चौपाटी खोल ली है। हालांकि नगर निगम इनमें से कुछ को वेंडिंग जोन घोषित कर कारोबारियों को लाइसेंस दे रहा है।

### अवैध कारोबार पर सख्ती बरत रहे

वेंडिंग जोन के तहत निगम ने कियोस्क गुमटियों का आबंटन छोटे कारोबारियों को किया था। कई लोगों ने गुमटियां तो ले लीं, लेकिन कारोबार शुरू नहीं किया। इन लोगों ने किस्त भी जमा नहीं की। अवैध रूप से चौपाटी चलाने वालों के खिलाफ सख्ती बरती जा रही है।

**-खजांची कुम्हार,** अपर आयुक्त, नगर निगम

# नशे में स्टेशन के बाहर चाकूबाजी, दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहडोल से रायपुर जा रहे एक युवक को रेलवे स्टेशन के बाहर चाकू मारकर जानलेवा हमला कर दिया गया था। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने दो नाबालिग व एक युवक को पकड़ लिया है। तीनों ने नशीले टेबलेट के नशे में युवक को चाकू मारा था। पकड़े जाने पर भी तीनों नशे में धुत थे। पुलिस ने नशीले टेबलेट बेचने वाले युवक को भी पकड़कर मामले में आरोपी बनाया है। चारों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

- आरोपियों के साथ टेबलेट बेचने वाले युवक को आरोपी बनाकर किया गिरफ्तार

शहडोल खूजरी निवासी समीर यादव पिता संतोष यादव रविवार की रात 11.30 बजे काम से रायपुर जाने के लिए अपने एक दोस्त के साथ ट्रेन से बिलासपुर आया था। रायपुर जाने के लिए दूसरी ट्रेन पकड़ने के लिए रेलवे स्टेशन में रुके हुए थे। रात 2.30 बजे समीर यादव शौचालय जाने के लिए रेलवे स्टेशन के बाहर निकला।

हल्दी राम होटल के पास पीछे से बाइक सवार तीन लोग आए और उसके सीने में चाकू से जानलेवा हमला कर भाग गए। दोस्तों ने घायल युवक को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। सूचना पर पुलिस के द्वारा सीसीटीवी फुटेज खंगाला गया।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

फुटेज के आधार पर पुलिस ने चिंगराजपारा निवासी अमन सारथी उर्फ बिट्टू पिता घनश्याम सारथी 20 साल व दो नाबालिग को पकड़ लिया है। पुलिस ने बीएनएस की धारा 115, 2, 117, 2, 296, 3, 5, 351, 2 व 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत तीनों को गिरफ्तार कर लिया है।

### 12 घंटे बाद भी आरोपियों का नशा नहीं उतरा

सीएसपी निमितेश सिंह परिहार ने बताया, पुलिस ने दोनों नाबालिग व युवक को पकड़ा तो तीनों टेबलेट के नशे में धुत थे। तीनों ने नशे में ही चाकूबाजी की वारदात को अंजाम दिया था। पूछताछ के दौरान तीनों गोलमोल जवाब दे रहे थे। 12 घण्टे से अधिक समय बीत जाने के बाद भी तीनों का नशा खत्म नहीं हुआ था। काफी मशक्कत करने के बाद उन्होंने सरकण्डा बंगालीपारा निवासी राहूल का नाम बताा। पुलिस ने उसे पकड़कर बीएनएस की धारा 49 के तहत दुष्प्रेरणा का आरोपी बनाया है। वहीं पुलिस ने राहुल को नशीले टेबलेट बेचने वाले युवक को भी पकड़ लिया है। उससे पूछताछ कर पूरे नेटवर्क का पर्दाफाश करने में पुलिस जुटी हुई है।

# एनएचएम की हड़ताल, कर्मचारियों ने की नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिले सहित प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था बीमार हो चुकी है। एनएचएम के कर्मचारी को हड़ताल पर गए 9 दिन बीत चुके है।

- आंदोलनकारियों ने उड़ाए गुब्बारे

मंगलवार को स्वास्थ्य संविदा कर्मियों ने संविदा गो का नारा लगाकर गुब्बारे छोड़े। संघ के पदाधिकारियों ने प्रेस वार्ता में स्वास्थ्य मंत्री द्वारा संविदा कर्मियों के नियमितीकरण हेतु केंद्र से मांगे गये प्रस्ताव का खंडन किया और कहा कि साल 2018 में केंद्र द्वारा सहमति जताई गई है। इस पर साठ प्रतिशत का अंशदान देने की बात भी की गई थी। प्रदेश में 16,000 राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कर्मचारी अपने नियमितीकरण सहित 10 सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। कर्मचारियों की हड़ताल का सीधा असर प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं पर पड़ रहा है, जिससे अस्पतालों में मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पिछले 20 वर्षों से लगातार सेवा देने के बावजूद एनएचएम कर्मचारियों का नियमितीकरण की राह देख रहे है। वहीं 10 सूत्रीय मांगों में समान वेतन-समान वेतन, स्थानांतरण नीति, सेवा शर्तों का निर्धारण, सामाजिक सुरक्षा लाभ सहित अन्य बिंदु शामिल हैं। संघ ने कहा कि सरकार की उपेक्षा और टालमटोल की नीति से मजबूर होकर कर्मचारियों को आंदोलन करना पड़ रहा है।



हड़ताल के बाद आंदोलनकारियों ने गुब्बारे उड़ाए।

एनएचएम कर्मचारियों की हड़ताल के कारण राष्ट्रीय कार्यक्रमों जैसे मलेरिया, टी बी, टीकाकरण, महामारी नियंत्रण के रिपोर्टिंग, जन्म मृत्यु पंजीयन, जन्म प्रमाण पत्र, महतारी प्रसव,अस्पतालों मे ओपीडी सेवा, शल्य क्रिया, आपातकालीन सेवाएं प्रभावित हो रही है।

कार्यकारी प्रांताध्यक्ष श्याम मोहन दुबे सरकार द्वारा नियमितीकरण की दिशा में जल्द ही ठोस और उचित कार्रवाई नहीं की गई। अब आंदोलन अधिक उग्र किया जाएगा।

# गणेश पंडाल बनाने के विवाद में महिला पर बीयर बाटल से हमलाः जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गणेश पंडाल बनाने के विवाद में महिला पर बीयर बाटल से हमला कर दिया गया । रिपोर्ट लिखाने थाने जाने पर जान से मारने की धमकी भी दी गई। पुलिस ने हमलावर के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।



- सिविल लाइन थाने का मामला

सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, तालापारा मिनी माता नगर निवासी अनीश भारद्वाज पिता स्व. दुकालूराम भारद्वाज 25 अगस्त को रात्रि 9.30 बजे गणेश पंडाल में डेकोरेट करने के लिए खम्भे से लाइन खींच रहे थे।

इसी दौरान साधेलाल गेंदले घर से लाठी लेकर गाली गलौज करने लगा। कुछ देर बाद ही राजा व गोंदू पर लाठी से वार कर दिया गया। दोनों इससे बच गए। इसी दौरान पड़ोसी साधेलाल के परिजन भी घर से निकले। इससे विवाद बढ़ गया। विवाद की आवाज सुनकर अनीश की मां सीता बाई भारद्वाज बीच बचाव करने लगी। तब समीर गेंदले ने बीयर बाटल फेंककर मारा। जिससे उसकी मां सीता बाई के चेहरे पर गंभीर चोट आई है। पुलिस ने अनीश की रिपोर्ट पर समीर, साहिल, साधेलाल गेंदले के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 3, 5, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

# आयुष्मान और आधार कार्ड बनाने वृद्ध से 4 हजार ऐठें

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सिम्स में इलाज के लिए पहुंची वृद्ध महिला से आयुष्मान और आधार कार्ड सहित राशन कार्ड बनाने के लिए 4 हजार रुपए लेने वाली महिला को रंगे हाथों पकड़ा गया।

सिम्स की गार्ड लक्ष्मी ने साहस दिखा कर फर्जी महिला को पकड़ा और पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने फर्जी महिला पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करते हुए बुजुर्ग महिला को 4 हजार रुपए वापस करा दिया है।

### पुलिस ने कराया वापस

मंगलवार की सुबह 10 बजे 67 वर्षीय बुजुर्ग महिला सिम्स पहुंची। इस दौरान उसकी भेंट नूपुर बनर्जी से हुई। जिसने उसे आयुष्मान से बेहतर इलाज का झांसा दिया। बुजुर्ग महिला के पास ना तो आधार कार्ड था और ना ही आयुष्मान कार्ड था। फर्जी महिला ने बुजुर्ग को अपने बातों में फंसा 4 हजार रुपए की मांग की। बेहतर इलाज और आधार व आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए बुजुर्ग महिला ने उसे 4 हजार रुपए दे दिया। इस की जानकारी सिम्स के एमआरडी में मौजूद महिला गार्ड लक्ष्मी दुबे को हो गई। उसने उक्त महिला को आयुष्मान कार्ड के लिए रुपए लेते पकड़ लिया। गार्ड के साथ महिला को सिम्स के पुलिस चौकी ले जाया गया, जहां फर्जी महिला ने हंगामा शुरू कर दिया। जिसके बाद उसे सिटी कोतवाली थाना ले जाया गया, पुलिसिया पुछताछ में उसने 4 हजार रुपए लेना स्वीकार कर लिया।

### महिला को थाने लाया गया

पुलिस ने बुजुर्ग महिला को राहत पहुंचाते हुए तत्काल 4 हजार रुपए वापस करवाया और उक्त महिला के खिलाफ धारा 151 के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है। कोतवाली टीआई देवेश राठौर ने बताया कि चौकी से सूचना मिली थी कि तोरवा पावर हाउस निवासी नूपुर बनर्जी पति आशीष बनर्जी अक्सर लोगों को आयुष्मान और आधार कार्ड बनाने का झांसा देकर ठगती है, पुलिस बल भेज कर महिला को थाना लाया गया था, प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152

online Booking:-www.tripuryatra.com

Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Cellage Tour
11 सितंबर, 3 अक्टूबर, 13 नवंबर, 18 दिसंबर, 24 दिसंबर 2025 (10 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप) माँ मनोकामना देवी, पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक),
राशिः-स्लीपर 13,500/-, 3 एसी 22,500/-, 2 एसी 25,500/- (+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करेंः-7354-411411